वर्ष-12 , अंक-26 प्रयागराज, रविवार 07 जुलाई 2024 से शनिवार 13 जुलाई 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटवर्क

Download From

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

12 वर्ष विश्वास के

# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।




## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रो का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रो का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखे और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*




PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.

**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**

# डाला चौकी इंचार्ज के लिए चोर की चुनौती, सीसी फुटेज के सामने उठा ले गया बाइक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** चोरी की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए भी पुलिस



हाथ पैर हाथ धरे बैठी हुई है ऐसे में वैष्णो मंदिर स्थित एएए होटल में मीटिंग के दौरान आए लोगों ने अपने बाइक को होटल के सामने खड़े कर दिए जहां लगभग 25 से 30 बाईकें खड़ी थी उसमें से एक बाइक को चोर मौके से लेकर फरार हो गए।ऐसी स्थिति में शिकायतें भी की गई लेकिन आधे घंटे बाद आई पुलिस द्वारा छानबीन करने के बाद सीसी फुटेज भी निकला गया जिसमें व्यक्ति मुंह पर लाल गमछा बांधे हुए उक्त स्थान की फेरे लगा रहा था और अचानक आकर बाइक पर बैठा और चाबी लगा करके निकल गया । जबकि चोर को उक्त बाइक के साथ बाजार में लगाए गए कई फुटेज कैमरे में देखा भी गया। देखा जाए तो डाला चौकी के मेंन गेट पर बड़े से बड़े कैमरे लगाए गए हैं जहां एक भी व्यक्ति बच नहीं सकता उसे कैमरे में क्या स्थिति रही यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया ऐसी स्थिति में पीडि़त व्यक्ति द्वारा चौकी में तहरीर दिया गया है क्या होगा अब भगवान भरोसे ही निर्भर है क्योंकि प्रशासनिक व्यवस्था वर्तमान में लगभग 15/20 दिन से आए हुए वर्तमान चौकी इंचार्ज के बाद से लचरता उत्पनन कर रही है पीडित मुकेश कुमार विंढमगंज थाना क्षेत्र घिवहीं गाँव का रहने वाला है। वह कंपनी के मीटिंग में आया हु था। जब मीटिंग समाप्त हुई उस समय सभी लोग अपनी सुविधओं से निकलने लगे तो मुकेश अपनी बाइक न पाकर हैरत में पड़ गया। । होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चल की चोर द्वारा बाइक उड़ा ले जाया गया। जिसकी सूचना डाला पुलिस को दी गयी। लोगों ने बताया कि पुलिस की निरंकुशता में बाइक सवार के मंसूबे सफल हो गए। आये दिन यह घटनाये देखने को डाला के क्षेत्रों में मिल रही है।

# महिला उन्नति संस्था ने बच्चियों के जन्म पर जिला अस्पताल में किया स्वागत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।**नोएडा महिला उननति संस्था (भारत), गौतम बुध नगर की जिला अध्यक्ष द्वारा बेटियां हमारी आन बान शान है, सरकारी अस्पताल, सेक्टर



39, नोएडा में नवजात बेटियो को इस दुनिया में आने का स्वागत किया एवं जच्चा बच्चा को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी । वार्ड में उपस्थित सभी महिलाओं को स्वास्थ्य से संबंधित सैनिटर पैड,,हगीज, साबुन एवं दलिया,बिस्किट्स आदि के पैकेट का वितरण किया एवं उनसे बातचीत करते हुए उन्हें बेटियां के बारे में जागरूक भी किया । बेटियां किसी से कम नहीं है, उनका भी समान अधिकार है एवं घर की लक्ष्मी हैं । चाहे आप कितने भी गुलाब खिला लो, मगर आंगन में खुशबू जभी आती है, जब बेटी आती है । नवजात बेटियो के परिवार को बेटियो के विषय में की बेटियां ही अच्छे परिवार और समाज का निर्माण करती है । आज की बेटी हर क्षेत्र में आगे है ।इस अवसर पर जच्चा बच्चा को सरकारी अस्पताल में उनकी देखभाल,खाने पीने का एवं डॉक्टर्स और स्टाफ द्वारा संतुष्ट होने के बारे में चर्चा की । एवं उन्हें अस्पताल में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित स्वयं को एवं अपनी इस्तेमाल की गई हगीज,सैनिटरी पैड आदि को कूड़े दान में डाले, इधर उधर न फैलाए । साफ सुथरा रहने से, सफाई रखने से मन भी प्रसनन रहता है, एवं कई बीमारियों से भी बचते है ।

# उचडीह कि घटना ने यह साबित कर दिया कि इस सरकार मे बाह्यण व छत्रीय सुरक्षित नही है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उचडीह में बीते दिनों सरेआम ब्राह्मण युवा के को पीटने व









बंधक बनाकर असद भाषा का प्रयोग करने के मामले में आक्रोशित ब्राह्मण समुदाय व क्षत्रिय समुदाय के साथ सर्व सर्वदली पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा 4 घंटे तक सदर कोतवाली में धरना प्रदर्शन देकर संबंधित आरोपों को तत्काल गिरफ्तार करने व धारा परिवर्तित करने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन के बढ़ते आक्रामक रूप को देखते हुए जिला प्रशासन के फूलने लगे हाथ पांव आनंद-खनन में एडिशनल एसपी नक्सली व सदर एसडीएम मौके पर पहुंचे तमाम कोशिशें के बाद मामला ना थामा तो उच्च स्तरीय अधिकारियों से फोन द्वारा वार्ता की गई इसी दौरान सत्ता पक्ष के सदर विधायक भूपेश चौबे वह भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश मिश्रा मौके पर पहुंच गए पीडि़त को न्याय दिलाने के लिए कोतवाली परिसर में समुदाय के साथ धरने पर बैठ गए काफी बातचीत के बाद मामले में तत्काल गिरफ्तारी व धारा परिवर्तन पर आपसी समझौता पुलिस प्रशासन से हुआ वही विभिनन राजनीतिक दल व ब्राह्मण संगठनों ने तत्काल कार्रवाई की मांग की कार्रवाई न होने पर उग्र धरना प्रदर्शन व आंदोलन की दी चेतावनी। वही एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने बताया वि सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज करने और अपराधी को तत्काल पकड़े जाने की मांग की एडिशनल एसपी और एसडीएम महोदय ने शीघ्र से शीघ्र अपराधियों को पकड़ने अपराधियों को पकड़ने और जो धाराएं काम है उन्हें लगाने का आश्वासन दिया । एडिशनल एसपी और एसडीएम को इस संदर्भ में एक ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने प्रशासन से जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए पीडि़त को न्याय दिलाने की मांग की और कहा कि जब तक अमितेश को न्याय नहीं मिल जाता यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद है और शासन का इकबाल खत्म हो चुका है नहीं तो अब तक इस तरह की घटना जनपद में नहीं घटी होती और यदि अपराधियों को कड़ी सजा नहीं दी जाती तो इस तरह की पुनरावृत्ति होती रहेगी जो किसी भी सभ्य समाज के लिए कतई उचित नहीं इस घटना को किसी जाति की मानसिकता से नहीं बल्कि अपराध और न्याय की मानसिकता से देखने की जरूरत है अमितेश के साथ जो घटना घटी है और जो वीडियो वायरल वीडियो हुआ है उसे को देखकर किसी के रोगटे खड़े हो जाएंगे लेकिन ये दुर्भाग्य है की अब तक अपराधी नहीं पकड़े गए और प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है । शासन और पुलिस प्रशाशन को तत्काल ठोस और कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि पीडि़त को न्याय मिले और प्रशासन और शासन का इकबाल कायम हो सके। इसी तरह पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी सह मंत्री सेवा समर्पण संस्थान संबंध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने बताया कि ब्राह्मण परिवार के साथ घिनौना हरकत करने वाले अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर संबंधित कार्रवाई करने के बजाय पुलिस द्वारा गोल मटोल कार्य किया गया जो कि वह भी निंदनीय है संबंधित जिला प्रशासन की मिली भगत से या कार्य किया गया जिसके खिलाफ शुक्रवार को बेहद रूप से घंटे तक कोतवाली गेट घर कर धरना प्रदर्शन किया गया मांगे पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी गिरीश पांडे ने बताया कि थाना प्रभारी द्वारा किसी दबाव में मनमानी तरीके के धाराओं में मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी को नाग गिरफ्तार करते हुए कोरमा पूर्ति की गई इसकी उच्च स्तरीय जांच कर कर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा जिला अध्यक्ष आरपी तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा पीडि़त को न्याय दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश सताया गया।

# पीडित परिजन से मिलने पहुंचे सदर विधायक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उचडीह सलैया गांव में बीते दिनों



एक ब्राह्मण युवक के साथ गांव के दबंग यूवको द्वारा मारा पीटा गया जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ लोगों को गिरफ्तार पर कार्रवाई की गई जिसमें पीडि़त परिजन संतोषजनक कार्रवाई न होने की बात कि जिस पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने बताया कि संबंधित दबंग व्यक्तियों के खिलाफ बनने वाले संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर सभी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी अमितेश पांडे को न्याय मिलेगा भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबकी विश्वास की सरकार है धैर्य बनाए रखिए जल्द ही दोषी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए दादानी धाराओं में अपराध दर्ज कराया जाएगा।

# भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सेंटर मनिज्र वन स्टॉप सेंटर के दीपिका सिंह ने बताया कि एच ई डब्लू के अंतर्गत दिनांक 21



जून से 04 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया ह 100 दिवसीय विशेष जागरूकता थीम ठभारतीय न्याय संहिताठपर जनपद स्तर पर जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी सोनभद्र के दिशा निर्देशानुसार दिनांक 1 जुलाई से 5 जुलाई तक तृतीय साप्ताहिक कार्यक्रम कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रावटसगंज व प्राथमिक विद्यालय रावटसगंज सोनभद्र, में वन स्टॉप सेंटर सोनभद्र की टीम के द्वारा उपस्थित छात्र /छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता व भारतीय नागरिक संरक्षण जानकारी दी गई । घरेलू हिंसा अधिनियम व विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन को विस्तार से बताया गया, साथ ही वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके अधिकारों के बारे में बताया गया, आज वर्तमान समय में बच्चों के सर्वोत्तम विकास हेतु माता-पिता की भूमिका के बारे में चर्चा की गई व सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने ,बाल श्रम को रोकने, नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सभी को जागरूक किया गया।

# नेचर लवर्स फाऊंडेशन ने कई विद्यालयों में किया पौधारोपण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नेचर लवर्स फाऊंडेशन ने आज कयी विद्यालयो में पौधारोपण



किया।जैसा कि सभी जानते हैं की बारिश का महीना शुरू हो चुका है और इसमें जितने ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जा सके उतना अच्छा है और यह पेड़ लगाने का बीड़ा नेचर लवर्स फाउंडेशन के मेंबर्स ने उठाया है इन्होंने कई स्कूलों में पेड़ लगाएँ जिसमें विभिनन प्रकार के पौधें (छायादार , फलदार, एवम ऑर्नामेंटल,खुशबूदार ) पौधों का उपयोग किया गया। नेचर लवर्स फाऊंडेशन का उद्देश्य सभी स्थान पर पौधे लगाकर प्रकृति की सुरक्षा करना है।आज के वृक्षारोपण के कार्यक्रम का हिस्सा रहे श्री अंकित सिंह (निदेशक) प्रिंसिपल, टीचर स्टाफ और विधार्थियों ने इस कार्य को सफल बनाया। श्री हरेंद्र पाल सिंह जी ने कहा-कि वृक्षरोपण का कार्य आज की अत्यन्त आवश्यकता है और मेरा इस कार्य के लिए भरपूर सहयोग रहेगा एवम समय समय पर रोपित पौधों की सिंचाई के लिए व्यवस्था करने में मदद करूंगा । श्री अनिल कुमार शर्मा (पूर्व प्रधान) ने इस वृक्षरोपण कार्य में भरपूर्ण सहयोग देने का आश्वाशन दिया। हमारी संस्था प्रकृति लवर्स फाऊंडेशन के वरिष्ठ मेंबर्स श्री राजकुमार, अरूण कुमार, रामपाल सिंह, विनोद कुमार, संजय कुमार, रविन्द्र, गौरव कुमार, पुनीत) जी ने इस कार्य को सफल बनाने के लिए भरपूर सहयोग दिया। श्री देवेंद्र कुमार सिंह (संस्थापक) नेचर लवर्स फाऊंडेशन ने वृक्षरोपण कार्य को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया एवं भरपूर सहयोग देने की अपील की। जिससे हम सभी मिलकर अपनी प्रकृति की सुरक्षा में अंशदान कर सकेँ अरुण कुमार जी ने बताया कि हमारी संस्था का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना है जिससे हम अपनी प्रकृति को कुछ अच्छा देकर जा सकेँ इस संस्था के मेंबर ज्यादातर रिटायर है और यह अपने समाज को एक बेहतर समाज बनाना चाहते हैं इसलिए इन्होंने संस्था के स्थापना की है और सभी मेंबर एक दूसरे का बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं आने वाले दिनों में यह 1000 पौधे लगाने के कार्य में लगे हुए हैं और जल्दी ही अपने लक्ष्य को हासिल भी कर लेंगे और अपने साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की कोशिश करेंगे ,जिससे सभी व्यक्ति से प्रेम करना सीख सके।

# नवागंतुक बीएसए से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की शिष्टाचार भेंट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सोनभद्र जनपदीय ईकाई द्वारा



नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय से एसएसए कार्यालय मे परिचयात्मक शिष्टाचार मुलाकात की गई। महिला विंग महामंत्री शशिबाला सिंह, उपाध्यक्ष ममता पाण्डेय व मेघा सौनकिया द्वारा बीएसए का बुके से स्वागत किया गया। तत्पश्चात महामंत्री इन्दुप्रकाश सिंह द्वारा सभी सदस्यों का परिचय कराया गया मण्डल अध्यक्ष अखिलेश वत्स ने जनपदीय भोगोलिक असमानता, चुनौतियों आदि से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की रीति नीति से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी साथियों सहित बीएसए महोदय को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह के साथ महासंघ की स्मारिका ठइंडिया से भारत की ओरठ और स.का. अरूणेश चन्द्र पाण्डेय ने ठवयं राष्ट्रांग भूताःठ समर्पित किया। व.उपाध्यक्ष डा.वृजेश सिंह ने ठसर्चलुकठ शोध पत्रिका भी दी। इस अवसर पर संगठन मंत्री गणेश पाण्डेय, संयुक्त महामंत्री रविकांत मौर्य, जिलामंत्री देवेंद्र गंगवार, मीडिया प्रभारी सौरभ कार्तिकेय श्रीवास्तव, सह मीडिया प्रभारी आनन्द देव पाण्डेय, संयुक्त मंत्री कमलेश गुप्ता व कमलेश विश्वकर्मा, स.का.संदीप तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष नगवां दिलीप पाठक, दिनेश कुमार दूबे, संजीव कुमार, अभिषेक पाण्डेय सहित सभी शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# सीसी रोड निर्माण के बाद नहीं मिली मजदूरी किया घेराव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**चोपन विकासखंड के खरहरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार



को खंड विकास कार्यालय का घेराव करते हुए सीसी रोड निर्माण कराए जाने के बाद मजदूरी न मिलने को लेकर संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सौपे ज्ञापन।रामप्रसाद ,मनोहर ,सिंधु,राजधानी, मालती, कुसुम फूलवती कलावती अवधनाथ रविशंकर ईश्वर, रामकरण महेंद्र सहित आज दर्शनों मजदूरों ने खंड विकास कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी को सोपा ज्ञापन वही मजदूरों ने बताया कि सीसी रोड निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया इसके बाद मजदूरी नहीं दी गई जिससे हम भुखमरी के कगार पर आ गए हैं संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर कर मजदूरी दिलाए जाने का लगाई गुहार।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश : गीता गौर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**समाजवादी पार्टी महिला सभा के जिला अध्यक्ष गीता गौर के नेतृत्व में शुक्रवार को बेहद रूप से पौधरोपण किया गया। इस दौरान गीता गौर ने बताया कि हमारे पर्यावरण को संरक्षण के लिए अवरोहण बेहद ही जरूरी है हम सभी महिला बहने माताएं एक साथ होकर हर गांव हर घर तक या अभियान पहुंचाएं जिससे कि हर व्यक्ति हर महिलाएं माताएं बहने पौधारोपण करना शुरू करें वही पर्यावरण के लिए पौधों पर अनिवार्य है जिसमें महिलाओं की भागीदारी हो प्राथमिकता जिसको लेकर अभियान चलाया जा रहा है आगे भी चलाया जाएगा इस मौके पर कौशल्या देवी मीना देवी रवीना रानी खुशबू सोनी सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# लोजिक्स माल में लगी भीषण आग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 32 स्थिति लोजिक्स माल में भीषण आग लग गई है नोएडा के सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के सामने सेक्टर 32 में बने लॉजिक्स मॉल में स्थित एक कपड़े के शोरूम में आज सुबह आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाडि़यां मौके पर पहुंची। सुरक्षा को देखते हुए लॉजिक्स मॉल को पूरी तरह खाली कराया लिया गया है। किसी भी आदमी के फंसने की उम्मीद नहीं है ?।तथा आग बूझाने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक आग पर काबू नहीं मिल सका है। आग ज्यादा तेज होने के कारण सामने के शीशे को तोड़कर फायर ब्रिगेड की गाडि़यां आग बुझाने में जुटी हुई है। आग लगने का कारण अभी तक नहीं पता लगा है।



# ग्रेटर नोएडा में विश्व गैस शिखर सम्मेलन 2024 का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा विश्व गैस शिखर सम्मेलन 2024 प्राकृतिक और औद्योगिक गैसों के उत्पादन,




प्रसंस्करण, शोधन, ईंधन भरने की तकनीक और बुनियादी ढांचे के विकास पर एक अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन है। यह कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में चल रहे गैस इंडिया एक्सपो 2024 का एक समवर्ती कार्यक्रम था। गैस इंडिया एक्सपो 2024 के दूसरे दिन लोगों की संख्या पहले दिन से अधिक रही, जिसमें हजारों आगंतुकों ने गैस उद्योग प्रदर्शनी में शिरकास्ट दी। यह शिखर सम्मेलन 04 जुलाई से 05 जुलाई 2024 तक इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा, यूपी, भारत में आयोजित किया। इसका आयोजन भारतीय व्यापार मेला विद्वत परिषद(आईटीएफए) और भारतीय प्रदर्शनी सेवाओं द्वारा किया गया। विश्व गैस शिखर सम्मेलन 2024 एक 2 दिवसीय नेटवर्किंग कार्यक्रम था, जिसमें गैस और संबद्ध उद्योग के क्षेत्रों के विशेषज्ञ भविष्य की संभावनाओं में दुनिया भर में गैस उद्योग में नवीनतम तकनीकों, विकास, चुनौतियों और अवसरों के बारे में चर्चा करने के लिए एक साथ आए थे और किसी भी देश में विकास, उननति और स्थिरता में गैस के महत्व और भूमिका के प्रमुख विषयों पर उद्योग विशेषज्ञों के बीच बहस हुई थी। विश्व गैस शिखर सम्मेलन ने गैस उद्योग, व्यापार संघों, सरकारी एजेंसियों और व्यक्तिगत निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं के बीच संबंध बनाने में एक सूत्रधार के रूप में काम किया है। इसने नेटवर्किंग, सहयोग, रणनीति बनाने के लिए एक सहज वातावरण को सक्षम करके संचार में अंतराल को पाटने में मदद की और साझेदारी के अवसरों के लिए गुंजाइश प्रदान की। भारत और विदेश के प्रख्यात वक्ताओं ने गैस उद्योग के प्रमुख मुद्दों पर बहस, विचार-विमर्श और विचारों का आदान-प्रदान किया। विश्व गैस शिखर सम्मेलन ने प्रौद्योगिकीविदों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं, निर्माताओं, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों और सरकारी एजेंसियों के साथ वैश्विक नेटवर्किंग का अवसर प्रस्तुत किया है। शिखर सम्मेलन ने गैस उद्योग के पेशेवरों को गैस और संबद्ध उद्योग के विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का एक आदर्श अवसर प्रदान किया। शिखर सम्मेलन के मुख्य वक्ता श्री संदीप जैन, कार्यकारी निदेशक, गैस, इंडियन ऑयल कॉपीरेशन लिमिटेड और श्री इवान बुखोनिन, महानिदेशक हीलियम 24, रूस रहे। श्री संदीप जैन, कार्यकारी निदेशक, गैस, इंडियन ऑयल कॉपीरेशन लिमिटेड के अनुसार, ङ्गगैस एक चक्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकता है, जिसका एक तरीका बायोगैस का उत्पादन है, जिसका उपयोग अक्षय ऊर्जा स्रोत के रूप में किया जा सकता है, जो जीवाश्म ईंधन की आवश्यकता को कम करने के साथ-साथ गर्मी और बिजली भी प्रदान करता है। ऊर्जा विकल्पों के विविध पोर्टफोलियो को अपनाकर, हम एक अधिक लचीली और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली बना सकते हैं जो भविष्य की पीढि़यों के लिए ग्रह की रक्षा करते हुए समाज की जरूरतों को पूरा करती है। गैस के लाभों को इसके संभावित पर्यावरणीय प्रभावों के साथ संतुलित करके और गैस के प्रति रणनीतिक और जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाकर, हम एक शुद्ध-शून्य भविष्य के लिए एक मार्ग बना सकते हैं। रूस के हीलियम24 के महानिदेशक श्री इवान बुखोनिन के अनुसार, ठयह शिखर सम्मेलन आर्थिक विकास, तकनीकी उननति और बेहतर भविष्य के लिए स्थिरता की दिशा में प्रयासों को बढ़ाने में गैस की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। यह ऊर्जा विकास के लिए एक संतुलित और एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर देता है, जो कम कार्बन वाले भविष्य के लिए गैस की क्षमता का लाभ देता है। यह रुचि पैदा करेगा और हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला से जुड़ाव देगा। वैश्विक गैस मांग और आपूर्ति की गतिशीलता, गैस मूल्य निर्धारण, मूल्य श्रृंखला में निवेश के अवसर प्रदान करेगा।

# देश/विदेश





मेरा देश भारत

## संक्षिप्त समाचार

### माउंट एवरेस्ट के सबसे ऊंचे कैंप में जमा पड़ा है 40-50 टन कचरा, साफ करने में लग जाएंगे कई साल

**काठमांडू।** शेरपा अपनी टीम के साथ सालों से माउंट एवरेस्ट की चोटी के पास जमे हुए शवों को निकालने और कूड़ा -कचरा साफ करने का काम कर रहे है। आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन मनुष्य ने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर



भी कूड़ा-कचरा कर वहां की खूबसुरती को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। इस दौरान वहां भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा भरा पड़ा है, जिसे साफ करने में कई साल लगेंगे। क्या आप जानते है कि माउंट एवरेस्ट की चोटी के पास शवों से लेकर कूड़ा जमा पड़ा हुआ है। शेरपाओं की टीम का नेतृत्व अंग बाबू शेरपा बताते है कि साउथ कोल में अभी भी 40-50 टन तक कचरा है। साउथ कोलपर्वतारोहियों के शिखर पर चढ़ने से पहले का आखिरी शिविर है। इससे पहले शेरपा की टीम ने एवरेस्ट से 11 टन कचरा चार शव और एक कंकाल निकाला है। नेपाल सरकार द्वारा वित्तपोषित सैनिकों और शेरपाओं की टीम ने इस वर्ष के पर्वतारोहण सत्र के दौरान एवरेस्ट से 11 टन (24,000 पाउंड) कचरा, चार शव और एक कंकाल हटाया। बता दें कि शेरपाओं की टीम का नेतृत्व अंग बाबू शेरपा कर रहे है। उन्होंने हैरान कर देने वाले आंकड़े पेश किए है जिसके अनुसार, साउथ कोल में अभी भी 40-50 टन (88,000-110,000 पाउंड) तक कचरा हो सकता है। साउथ कोल, पर्वतारोहियों के शिखर पर चढ़ने से पहले का आखिरी शिविर है। शेरपा ने कहा, 'वहां छोड़ा गया कचरा ज्यादातर पुराने टेंट, कुछ खाद्य पैकेजिंग और गैस कार्ट्रिज, ऑक्सीजन की बोतलें, टेंट पैक और चढ़ाई और टेंट बांधने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रस्सियां थीं। उन्होंने कहा कि कचरा परतों में है और 8,000 मीटर (26,400 फीट) की ऊंचाई पर जम गया है जहां साउथ कोल कैंप स्थित है। 1953 में पहली बार इस चोटी पर विजय प्राप्त करने के बाद से, हजारों पर्वतारोही इस पर चढ़ चुके हैं। आंग बाबू ने कहा, 'टीम के शेरपाओं ने ऊंचे इलाकों से कचरा और शव एकत्र किए।

## 'ये लोको पायलट बाहर से लाए गए, हमारी लॉबी से नहीं',राहुल गांधी की मुलाकात पर रेलवे के बयान से छिड़ा विवाद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने बीते दिन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा कर लोको पायलट से मुलाकात के बाद रेलवे ने कहा कि जिन क्रू सदस्यों से राहुल मिले वे उनकी लॉबी से नहीं



लोको पायलटों से मुलाकात की और उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। राहुल की इस मुलाकात को लेकर अब नया विवाद छिड़ गया है।राहुल गांधी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा कर लोको पायलटों से मुलाकात की और उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। राहुल की इस मुलाकात को लेकर अब नया विवाद छिड़ गया है। राहुल गांधी की थे। शुक्रवार को हाथरस भगदड़ में पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद राहुल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मिलने पहुंचे थे। कांग्रेस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा विपक्ष के नेता राहुल गांधी रेलवे की रीढ़ लोको पायलट से मिले हैं। उनके जीवन को सरल और सुरक्षित बनाना रेलवे सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। राहुल गांधी की लोको पायलट से मुलाकात के बाद अब उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) दीपक कुमार का बयान आया है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर विपक्ष के नेता ने जिन क्रू सदस्यों के साथ चर्चा की, वे उनकी लॉबी से नहीं थे, बल्कि बाहर से हो सकते हैं। सीपीआरओ दीपक कुमार ने एएनआई से बात करते हुए कहा राहुल जब आए उनके साथ 7-8 कैमरामैन थे, उन्होंने हमारी क्रू लॉबी का दौरा किया और जांच की कि हम अपनी क्रू लॉबी को कैसे बुक करते हैं। क्रू लॉबी से बाहर आने के बाद उन्होंने कुछ लोगों से चर्चा की। वहां करीब 7-8 क्रू सदस्य थे जो हमारी लॉबी से नहीं थे, लेकिन ऐसा लगता है कि वे बाहर से थे। रेलवे के बयान के बाद भाजपा ने राहुल पर हमला बोला है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि लोको पायलटों से मिलने गए राहुल के साथ आठ कैमरामैन और एक निर्देशक भी थे। इससे भी ज्यादा अजीब बात यह है कि वे वास्तविक लोको पायलटों से नहीं मिले। पूरी संभावना है कि वे पेशेवर अभिनेता थे, जिन्हें उनकी टीम ने बुलाया था।

## भारतीय सेना को मिलीं 35 हजार एके-203 राइफलें, उत्तर प्रदेश के अमेठी में हुआ है निर्माण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा से पहले इंडिया रशिया राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड उपकरण उत्तर प्रदेश के अमेठी में कोरवा आयुध कारखाने को भेजे गए हैं। आइआरपीएल भारत एवं रूस का संयुक्त उपक्रम है। मेक इन इंडिया



(आइआरपीएल) ने भारतीय सेना को 35 हजार एके-202 असाल्ट राइफलें सौंपने की जानकारी दी है। आइआरपीएल भारत एवं रूस का संयुक्त उपक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा से पहले भारत और रूस के संयुक्त उद्यम इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) ने भारतीय सेना को 35000 एके-203 असॉल्ट राइफलों की सफल डिलीवरी की घोषणा की है। ये राइफलें उत्तर प्रदेश के अमेठी में बनी हैं। सभी आवश्यक और आत्मनिर्भर भारत अभियान का पूरी तरह से अनुपालन करते हुए भारत में राइफलों का निर्माण शुरू किया गया है। इस परियोजना में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शामिल है। आइआरपीएल ने एके-203 क्लाशिन्कोव असॉल्ट राइफलें तैयार करने वाली परियोजना का पहला चरण पूरा कर लिया है। ये राइफलें उत्तर प्रदेश के अमेठी में बनी हैं। सभी आवश्यक उपकरण उत्तर प्रदेश के अमेठी में कोरवा आयुध कारखाने को भेजे गए हैं।

## ईरान को मिलेगा नया राष्ट्रपति, इब्राहीम रईसी की मौत के बाद हो रहा है चुनाव


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एक मतदान केंद्र पर ईरान के राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे चरण में अपना नया राष्ट्रपति होगा। ईरान की विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं होगा। राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी की हेलीकाप्टर दुर्घटना में मौत हो जाने के कारण यह चुनाव हो रहा है। ईरान



वोट डाला। इलाही ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि शनिवार तक ईरान को अपना नया राष्ट्रपति मिल जाएगा। भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एक मतदान केंद्र पर ईरान के राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे चरण में अपना वोट डाला। इलाही ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि शनिवार तक ईरान को अपना नया राष्ट्रपति मिल जाएगा। राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी की हेलीकाप्टर दुर्घटना में मौत हो जाने के कारण यह चुनाव हो रहा है। इलाही ने कहा, हमें उम्मीद है कि शनिवार सुबह तक हमारे पास में राष्ट्रपति पद के लिए दूसरे चरण का चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब राष्ट्रपति चुनाव के प्रथम चरण में 40 प्रतिशत से भी कम मतदान हुआ था। यह 1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे कम है। राष्ट्रपति चुनाव में मुकाबला कट्टरपंथी सईद जलीली और सुधारवादी मसूद पेजेश्किय़ान के बीच है। 28 जून को हुए मतदान के शुरुआती दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले, जिसके कारण दूसरे चरण के मतदान की नौबत आ गई।

## आरबीआई ने पीएनबी पर लगाया 1.31 करोड़ रुपये का जुर्माना, जानें क्यों लिया एक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** आरबीआइ ने शुक्रवार को कहा कि उसने 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) और 'ऋण और अग्रिम' के संदर्भ में वैधानिक निरीक्षण किया। उसके बाद बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था। आरबीआइ ने कहा कि उसने 31 मार्च, 2022 तक बैंक



से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 1.31 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआइ ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) और ऋण और अग्रिम से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 1.31 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआइ ने कहा कि उसने 31 मार्च 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में वैधानिक निरीक्षण किया। उसके बाद बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था। नोटिस को लेकर बैंक के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने पाया कि पीएनबी ने सब्सिडी/रिफंड/रिम्बर्समेंट के माध्यम से सरकार से प्राप्त होने वाली राशि के एवज में दो राज्य सरकार के स्वामित्व वाले निगमों को कार्यशील पूंजी मांग ऋण मंजूर किए।

## डिलिवरी ब्वॉय बनकर आए थे हत्यारे तमिलनाडु बीएसपी चीफ को मारने की ऐसे रची गई साजिश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की राजधानी चेनन्ई में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, कुछ स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हमलावर अधिकारी ने ये भी बताया कि हत्या में कुछ धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया है तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और एआईएडीएमके



की बीती शाम हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, चेनन्ई के पेरम्बूर में आर्मस्ट्रांग के घर के पास छह लोगों की अज्ञात भीड़ ने हत्या कर दी बीएसपी के तमिलनाडु अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की बीती रात हत्या कर दी गई। चेनन्ई के पेरम्बूर में आर्मस्ट्रांग के घर के पास छह लोगों की अज्ञात भीड़ ने हत्या कर दी। जब आर्मस्ट्रांग अपने साथी नेताओं के साथ आवास के बाहर चर्चा कर रहे थे तभी उनपर हमला कर दिया गया। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जब आर्मस्ट्रांग अपने साथी नेताओं के साथ आवास के बाहर चर्चा कर रहे थे, तभी उनपर हमला कर दिया गया। डिलीवरी ब्वॉय बनकर आए थे। हालांकि, पलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि हत्या कोई बदला लेने के लिए की गई हो सकती है। उत्तरी चेनन्ई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आसरा गर्ग ने कहा ने कहा कि मामले में अब तक 8 संदिग्धों को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इन संदिग्धों से पूछताछ के बाद, हम हत्या के पीछे के मकसद का पता लगा पाएंगे। महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर आर्मस्ट्रांग की मौत की खबर सुनकर अपना दुख व्यक्त किया। आज बीएसपी के कार्यकर्ता और समर्थक राजीव गांधी सरकारी अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखा गया है। वे आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## चीन से संबंध रखने वाले एक अमेरिकी व्यवसायी ने बनवाई थी हिंडनबर्ग रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वरिष्ठ वकील और भाजपा नेता महेश जेठमलानी ने आरोप लगाया है कि चीन से ताल्लुक रखने वाले एक अमेरिकी व्यवसायी ने हिंडनबर्ग रिसर्च से एक रिपोर्ट बनवाई थी, जिसके चलते पिछले साल अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर में भारी गिरावट आई। जेठमलानी ने एक्स पर किए गए एक पोस्ट में आरोप लगाया जासूस अनला चेंग और उनके पति मार्क किंगडन ने अदाणी समूह की कंपनियों पर एक रिपोर्ट को हिंडनबर्ग रिसर्च से तैयार कराया और बाद में अदाणी के शेयरों को शॉर्ट सेल करने और भारतीय खुदरा निवेशकों की कीमत पर लाखों का मुनाफा कमाने के लिए कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड का इस्तेमाल ट्रेडिंग अकाउंट बनाने के लिए किया। उन्होंने दावा किया कि किंगडन कैपिटल मैनेजमेंट एलएलसी के पीछे अमेरिकी व्यवसायी मार्क किंगडन हैं और इन्होंने ही हिंडनबर्ग रिसर्च से रिपोर्ट बनवाई थी। जेठमलानी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में आरोप लगाया, 'जासूस' अनला चेंग और उनके पति मार्क किंगडन ने अदाणी समूह की कंपनियों पर एक रिपोर्ट को हिंडनबर्ग रिसर्च से तैयार कराया और बाद में अदाणी के शेयरों को शॉर्ट सेल करने और भारतीय खुदरा निवेशकों की कीमत पर लाखों का मुनाफा कमाने के लिए कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (केएमआइएल)



का इस्तेमाल ट्रेडिंग अकाउंट बनाने के लिए किया।' महेश जेठमलानी ने अपने पोस्ट में अनला चेंग को 'स्मोकिंग गन' कहा है। चेंग एक चीनी-अमेरिकी हैं। उनकी किंगडन मास्टर फंड में बड़ी हिस्सेदारी है और अमेरिका में चीनी हितों के लिए लॉबिंग करती हैं। जेठमलानी ने कहा है कि किंगडन ने कोटक की अंतरराष्ट्रीय निवेश शाखा कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (केएमआइएल) से संपर्क किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने जांबाज जवानों को वीरता पुरस्कार से किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सेना और अर्धसैनिक बलों के कमियों को अदम्य साहस और असाधारण वीरता के लिए 10 कीर्ति चक्र प्रदान किए, इनमें सात मरणोपरांत किए और इनमें भी सात मरणोपरांत हैं। अशोक चक्र के बाद कीर्ति चक्र देश में शांतिकाल का दूसरा और शौर्य चक्र तीसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु ने रेजिमेंट (विशेष बल) की 9वीं बटालियन के हवलदार अब्दुल मजीद को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। सीआरपीएफ की 210 कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर दिलीप कुमार दास, हेड नौसेना और गृह मंत्रालय के अधीन सेवाएं देने वाले कमियों के एक समूह को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।राष्ट्रपति भवन ने बाद में अपने एक्स हैंडल पर समारोह की तस्वीरें साझा कीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने



हैं। राष्ट्रपति ने 26 शौर्य चक्र भी प्रदान किए और इनमें भी सात मरणोपरांत हैं। अशोक चक्र के बाद कीर्ति चक्र देश में शांतिकाल का दूसरा और शौर्य चक्र तीसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सेना और अर्धसैनिक बलों के कमियों को अदम्य साहस और असाधारण वीरता के लिए 10 कीर्ति चक्र प्रदान किए इनमें सात मरणोपरांत हैं। राष्ट्रपति ने 26 शौर्य चक्र भी प्रदान राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह के दौरान सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के पुलिसकमियों को ये अलंकरण प्रदान किए। पुरस्कार विजेताओं की सूची के अनुसार, भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स की 55वीं बटालियन में ग्रेनेडियर्स के सिपाही पवन कुमार; पंजाब रेजिमेंट की 26वीं बटालियन के आर्मी मेडिकल कोर के कैप्टन अंशुमान सिंह; पैराशूट कांस्टेबल राज कुमार यादव, कांस्टेबल बबलू राभा और कांस्टेबल शंभू राय को भी मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। इनके अलावा मेजर रैंक के दो अधिकारियों एवं एक नायब सूबेदार को भी कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। वहीं, छह सैन्यकमियों के अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक कांस्टेबल को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। साथ ही सेना, वायुसेना, एक्स पर पोस्ट में लिखा, ''राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह-2024 (चरण-1) में शामिल हुआ, जहां राष्ट्रपति ने वीरता पुरस्कार प्रदान किए। हमारे राष्ट्र को अपने बहादुर सैनिकों की वीरता और समर्पण पर गर्व है। वे सेवा और बलिदान के उच्चतम आदर्शों के उदाहरण हैं। उनका साहस हमेशा लोगों को प्रेरित करेगा।'' प्रधानमंत्री ने भी समारोह की तस्वीरें साझा कीं।


## भारत को असहज करने वाली रही हैं लेबर पार्टी की नीतियां, कश्मीर को लेकर हो चुकी है काफी गहमागहमी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के आम चुनाव में बड़ी जीत के साथ लेबर पार्टी सरकार बनाने जा रही है। समय के साथ लेबर पार्टी ने भारत को लेकर अपनी नीतियों में बदलाव किया है। लेकिन यह तथ्य है कि बीते वर्षों में पार्टी की नीतियां भारत को असहज करने वाली रही हैं। खास कर कश्मीर के मसले पर। आइये जानते हैं उस घटनाक्रम के बारे में जब भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने ब्रिटेन को तीसरे दर्जे की ताकत बताया था। ब्रिटेन के आम चुनाव में बड़ी जीत के साथ लेबर पार्टी सरकार बनाने जा रही है। समय के साथ लेबर पार्टी ने भारत को लेकर अपनी नीतियों में बदलाव किया है। लेकिन यह तथ्य है कि बीते वर्षों में पार्टी की नीतियां भारत को असहज करने वाली रही हैं। खास कर कश्मीर के मसले पर। लेबर पार्टी ने माना हैअतीत में कश्मीर के मुद्दे पर गलतियां हुई हैं। वर्ष था 1997, भारत अपनी आजादी की 50 वीं वर्षगांठ मना रहा था। ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी की सरकार थी। ब्रिटेन और भारत ने इस समारोह के लिए ब्रिटेन की महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय की यात्रा की योजना बनाई। लेकिन एलिजाबेथ और उनके पति प्रिंस फिलिप भारत पहुंचने से पहले पाकिस्तान में



क्वीन एलिजाबेथ की भारत यात्रा एक कूटनीतिक आपदा साबित हुई। कश्मीर पर मध्यस्थता के प्रस्ताव से भड़का भारत अक्टूबर में क्वीन रुके। राजकीय भोज में उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान को पाकिस्तान पर अपने मतभेदों को सुलझाने की जरूरत है। उनके साथ ब्रिटेन के विदेश मंत्री राबिन कुक भी थे। उन्होंने पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के साथ निजी बातचीत में कश्मीर का मुद्दा सुलझाने के लिए मध्यस्थता की पेशकश कर दी। इससे माहौल ज्यादा ही खराब हो गया। भारत में उनके इस प्रस्ताव की भ?र्त्सना की गई और प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने ब्रिटेन को तीसरे दर्जे की ताकत बताया। कश्मीर पर बयानबाजी से भारत भड़क गया था और क्वीन एलिजाबेथ की भारत यात्रा एक औपचारिक यात्रा बन कर रह गई। जाहिर है कि भारत की तरफ से किसी तरह की गर्मजोशी नहीं दिखाई गई।2019 में लेबर पार्टी का भारत विरोधी प्रस्ताव जेरेमी कार्बिन की अगुवाई में लेबर पार्टी ने 2019 में एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप का समर्थन किया गया और संयुक्त राष्ट्र की देख रेख में जनमत सर्वेक्षण की मांग की गई। यह प्रस्ताव कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आया था। इसके अलावा लेबर पार्टी में कुछ लोगों की राय खालिस्तान के पक्ष में रही है। यह एक और मुद्दा है जिसकी वजह से भारत और लेबर पार्टी के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं।


# बॉलीवुड/टेली मसाला




'अब अस्पताल भी नहीं जा सकती प्रेग्नेंसी की खबरों पर आखिरकार सोनाक्षी सिन्हा ने तोड़ी चुप्पी

## किसी ने साड़ी, किसी ने लहंगे में दिखाई खूबसूरती, अनंत-राधिका की संगीत सेरेमनी में सजी सितारों की महफिल







**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देश के मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत की 12 जुलाई को शादी होने वाली है। वह अपने बचपन की दोस्त राधिका मर्चेंट के साथ सात फेरे लेंगे। अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हो चुकी है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरेमनी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। कपल के रॉयल फंक्शन में देशभर की हस्तियों ने शिरकत की। रस्मों की शुरुआत ममेरू रस्म से की गई। इसके बाद संगीत सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें अपने सबसे खूबसूरत लुक में सितारों ने शिरकत कर महफिल में चार चांद लगा दिया। शुक्रवार 5 जुलाई को कपल की संगीत सेरेमनी का आयोजन किया गया। ये फंक्शन बहुत ही बड़े लेवल पर ऑर्गनाइज हुआ, जिसमें दुनियाभर की मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। बॉलीवुड से भी कई सितारों ने अनंत-राधिका के फंक्शन अपने सबसे खूबसूरत अंदाज में तैयार होकर शिरकत की। संगीत सेरेमनी में ब्लैक लहंगे में नजर आई आलिया भट्ट बला की खूबसूरत लग रही थीं। उनके साथ रणबीर कपूर भी पहुंचे, जो हमेशा की तरह हैंडसम लग रहे थे। कियारा आडवाणी ने ऑफ व्हाइट बैकलेस ड्रेस में ध्यान खींचा। वहीं, सिद्धार्थ मल्होत्रा ब्लैक शेरवानी में नजर आए। सबके 'भाईजान' सलमान खान ने हमेशा की तरह डैशिंग एंट्री ली। अर्जुन कपूर बहन अंशुला के साथ अनंत-राधिका के संगीत फंक्शन में शामिल हुए। 'गदर 2' एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने संगीत सेरेमनी में ऑफ व्हाइट लहंगे में चार चांद लगाया। विद्या बालन अपने पति सिद्धार्थ रॉय कपूर के साथ पहुंचीं।

## अनंत राधिका की संगीत सेरेमनी में रणवीर आलिया ने किया 'ठुमका' पर डांस, कपल का साथ देते नजर आए आकाश अंबानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी के फंक्शन धूम-धाम से शुरू हो गए हैं। अनंत कुछ ही दिन में राधिका के इस फंक्शन में रणबीर आलिया ने भी डांस किया। संगीत सेरेमनी की कई फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर देखने को मिल रही हैं। अनंत राधिका के फंक्शन में जहां उनके इस डांस में मुकेश अंबानी के बड़े बेटे और अनंत के भाई आकाश अंबानी ने भी उनका साथ दिया और स्टेज पर डांस किया। यह बात हर कोई जनता है कि



मर्चेंट के साथ सात फेरे लेने वाले हैं। मामेरु रस्म के बाद बीते दिन मुंबई में दोनों की संगीत सेरेमनी का फंक्शन हुआ। इस फंक्शन में पॉप सिंगर जस्टिन बीबर से लेकर बॉलीवुड तक कई स्टार्स शामिल हुए। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के फंक्शन शुरू हो गए हैं। कुछ दिनों पहले अंबानी फैमिली ने सामूहिक विवाह का आयोजन किया था। इसके बाद मामेरु फंक्शन हुआ और अब संगीत सेरेमनी की धूम देखने को मिली। इस फंक्शन के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। अंबानी परिवार रणवीर ने अपने डांस का जलवा दिखाया। वहीं, बी टाउन के फेमस कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी इसमें पीछे नहीं रहे। दोनों ने स्टेज पर अपने डांस से आग लगा दी। 5 जुलाई को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरेमनी का फंक्शन काफी जोरदार तरीके से हुआ। रणवीर सिंह ने इस फंक्शन में नो एंट्री के गाने पर डांस किया, तो वहीं आलिया भट्ट ने रणबीर कपूर ने 'तू झूठी मैं मक्कार' के ट्रैक सॉन्ग 'शो मी द ठुमका' पर डांस कर आग लगा दी। आकाश और रणबीर बहुत अच्छे दोस्त हैं। दोनों को अक्सर एक-दूसरे के घर पर आते जाते हुए देखा जाता है। अनंत राधिका की संगीत सेरेमनी में आलिया ने ब्लैक रंग का लहंगा पहना। इस लहंगे पर हैवी वर्क किया गया था। शॉर्ट ओपन हेयर, कानों में बड़े-बड़े झुमके और मिनिमल मेकअप उनके इस लुक को और भी खूबसूरत बना रहा था। वहीं, दूसरी तरफ रणबीर ने भी आलिया से ट्विनिंग करते हुए ब्लैक कलर के जोधपुरी सूट में नजर आए।

## ढीले पड़े 'कालीन भैया' के तेवर, 'गुड्डू पंडित' के भौकाल को लगा 'शरद शुक्ला' का ग्रहण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो पर मिर्जापुर का पहला सीजन 2018 में आया था। दूसरा सीजन दो साल के इंतजार के बाद 2020 में रिलीज हुआ था और अब चार साल के लम्बे इंतजार के बाद तीसरा सीजन शुक्रवार को स्ट्रीम कर दिया गया है। मगर, क्या यह सीजन इतने लम्बे इंतजार की कसौटी पर खरा उतरता है? क्या जिस भौकाल की उम्मीद गुड्डू पंडित और कालीन भैया से लगाये बैठे थे, वो पूरी हुई मिर्जापुर का तीसरा सीजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गया है। मिर्जापुर की गद्दी पर कौन बैठेगा इस सवाल को साथ लेकर तीसरा सीजन चलता है। कहानी के केंद्र में इस बार कालीन भैया और गुड्डू पंडित के अलावा शरद शुक्ला भी है जिसकी नजरें मिर्जापुर की गद्दी पर टिकी हैं। हालांकि गुड्डू और शरद दोनों के लिए यह गद्दी पाना आसान नहीं है।




किसी भी शो के रोमांच को बरकरार रखने के लिए कहानी में सहज बहाव होना बहुत जरूरी है। घटनाएं भले ही किसी लेखक की कल्पना की उपज हों, मगर उन्हें देखते हुए बनावटीपन का एहसास नहीं होना चाहिए। मिर्जापुर के तीसरे सीजन को देखते हुए कई जगह इस तरह के पल आते हैं, जब लगता है कि किसी खास किरदार को निपटाने के लिए यह दृश्य लिखा गया है, जबकि इस कहानी का फ्लो कुछ और भी हो सकता था। ओटीटी स्पेस की इस सबसे चर्चित क्राइम सीरीज का तीसरा सीजन पहले दो सीजनों के मुकाबले डार्क और हिंसक है, मगर यह हिंसा मनोरंजन नहीं करती। कुछ अप्रत्याशित घटनाओं से झटका जरूर लगता है और यही तीसरे सीजन की सबसे बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है। तीसरे सीजन की कहानी वहीं से शुरू होती है, जहां दूसरा सीजन खत्म हुआ था। मुनन (दिव्येंदु) और कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) को मारने के बाद गुड्डू (अली फजल) ने त्रिपाठी आवास को ही अपना घर बना लिया है। उसके सारे जरूरी फैसले गोलू गुप्ता (श्वेता त्रिपाठी) लेती है। कालीन भैया की मौत पर उसे अभी भी यकीन नहीं है और तलाश जारी है। पूर्वांचल में होने वाले अफीम, अवैध हथियार और दूसरे काले धंधों पर उसी की हुकूमत चलेगी, जो मिर्जापुर की गद्दी पर बैठेगा। मगर, गुड्डू को यह गद्दी कमानी होगी।

## दीपिका पादुकोण ने साड़ी में क्यूट से बेबी बंप के साथ शेयर की फोटो, रणवीर बोले- 'हाय मेरा बर्थडे गिफ्ट'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण बहुत जल्द मां बनने वाली ध्यान आकर्षित करने में सफल रहीं। इससे पहले कल्कि के लॉन्च इवेंट में दीपिका ने ब्लैक कलर की बॉडीकॉन कलर की साड़ी पहन रखी थी जिसमें वो बहुत ही ज्यादा खूबसूरत नजर आ रही थीं। ऑर्गेजा फैब्रिक से तैयार



हैं। एक्ट्रेस सितंबर में अपने पहले बच्चे को जन्म देंगी। इस बीच दीपिका अपने मैटरनिटी फैशन से लोगों का ड्रेस में खूब जलवा बिखेरा। अब हाल ही में अनंत-राधिका के संगीत फंक्शन में नजर आई थीं। दीपिका ने पर्पल की गई इस भद्र संजलि ब्लैक साड़ी के ऊपर सिल्वर धागे और सितारों से की गई एंब्रॉयडरी और भी ज्यादा कमाल लग रही है। वहीं दीपिका का क्यूट सा बेबी बंप भी इसमें काफी ज्यादा हाइलाइट हो रहा था। दीपिका ने तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं। दीपिका ने पर्पल और सिल्वर कलर की साड़ी के साथ चोकर और स्लीक हेयर बन बनाया हुआ था। इसके साथ ही दीपिका ने मजेदार कैप्शन भी लिखा- 'फ्राइडे नाइट है...बेबी पार्टी करना चाहता है।' ये फोटोज वाकई इतने खूबसूरत हैं कि आप भी तारीफ करने से खुदको नहीं रोक पाएंगे। दीपिका ने जैसे ही ये तस्वीरें शेयर कीं, पति रणबीर खुद को रोक नहीं पाए। रणबीर ने कमेंट किया, 'हाय मेरा खूबसूरत बर्थडे गिफ्ट। आई लव यू।'बता दें कि रणवीर और दीपिका ने साल 2018 में शादी की थी। दोनों बहुत जल्द अपनी लाइफ का नया चैप्टर शुरू करने वाले हैं। इससे पहले जाने माने एस्ट्रोलॉजर और फेस रीडर पंडित जगननथ गुरुजी ने दीपिका और रणवीर के होने वाले बच्चे की भविष्यवाणी की थी। गुरुजी ने बताया था कि दीपिका एक बेटे को जन्म देंगी और ये बच्चा कपल के लिए बहुत लकी होने वाला है।

## कमली कमला गाने में शक्ति मोहन नहीं थीं कटरीना कैफ की बॉडी डबल, एक्ट्रेस ने खुद किए थे कई सीन्स

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी वायरल हो रही थी। इसमें डांसर और कोरियोग्राफर शक्ति मोहन फिल्म धूम 3 के गाने कमली कमली के लिए स्टंट कर रही थीं। वीडियो में कहा जा रहा था कि कटरीना कैफ के लिए शक्ति मोहन ने गाने में बॉडी डबल का काम किया था। वीडियो देखकर कई फैंस ये मान बैठे थे वो शक्ति ही हैं। कटरीना कैफ को आपने टाइगर 3 और धूम 3 जैसी फिल्मों में एक्शन सीन्स करते देखा होगा। इन किरदारों को एक्ट्रेस ने बखूबी निभाया है। धूम 3 में कटरीना ने कमली कमली गाने में परफॉर्म किया था। काफी समय पहले एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें ये दावा किया



जा रहा था कि शक्ति मोहन में उनके लिए इस गाने में बॉडी डबल का काम किया है। हालांकि अब शक्ति ने इन सभी अफवाहों पर लगाई लगाते हुए सच बात बताई है। शक्ति ने कहा कि उस सेट पर वो खुद असिस्टेंट थीं और अकेले फ्लिप नहीं कर सकती थीं। मिर्ची प्लस से बातचीत के दौरान शक्ति ने कहा, ठहां मेरे को पता है, ये रील मुझे बहुत सारे लोगों ने भेजी कि आप बॉडी डबल हो। लेकिन मैं ये सोच रही थी कि वो ऐसा सोच भी कैसे सकते हैं। मतलब मैं कटरीना की बॉडी डबल कैसे हो सकती हूं। आप मेरा स्किन कलर देखिए और कटरीना का स्किन कलर देखिए। हमारे हाइट में भी बहुत अंतर है। मैं वैभवी मैम को असिस्ट कर रही थी और आप मेकिंग वीडियोज में देख भी सकते हैं कि मैं मैम के साथ खड़ी हूं और वो डांस कर रही हैं। शक्ति ने आगे बताया, एमिली इन पैरिस से मेरी एक फ्रेंड इसमें बॉडी डबल थी। लेकिन कुछ रुटीन्स जोकि बहुत चैलेंजिंग थे उनके लिए कटरीना बार-बार कह रही थीं कि वो खुद इसे करना चाहती हैं।

## 'अब अस्पताल भी नहीं जा सकती प्रेग्नेंसी की खबरों पर आखिरकार सोनाक्षी सिन्हा ने तोड़ी चुप्पी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा ने 23 जून को अपने लॉन्ग टर्म ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी कर ली। यह एक के बाद जहीर इकबाल से शादी कर ली थी। पिछले दिनों सोनाक्षी सिन्हा की प्रेगनेंसी को लेकर अफवाह उड़ी थी। अब एक्ट्रेस ने इस पर रिएक्ट



इंटिमेट वेडिंग थी जिसमें फैमिली और फ्रेंड्स से कुछ ही लोगों को इनवाइट किया गया था। शादी सोनाक्षी के बांद्रा वाले घर में हुई जोकि एक सिविल मैरिज थी। इसके बाद शाम को ग्रैंड रिसेप्शन रखा गया। सोनाक्षी सिन्हा अपनी शादी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने 7 साल डेट करने किया है। सोनाक्षी जल्द ही जी5 पर रितेश देशमुख के साथ एक फिल्म ने नजर आने वाली हैं। इस शादी की वजह से कई लोग सोनाक्षी सिन्हा को ट्रोल कर रहे थे क्योंकि उन्होंने एक मुस्लिम लड़के से शादी की। इस शादी में ना तो निकाह पढ़ा गया और ना ही फेरे हुए, ये रजिस्टर्ड मैरिज थी। अब शादी के लगभग 12 दिन बाद सोनाक्षी सिन्हा ने ट्रोलिंग पर जवाब दिया है। जूम को दिए एक इंटरव्यू में सोनाक्षी ने शादी के बाद अपनी लाइफ के बारे में बात करते हुए कहा,ठयह इससे बेहतर कभी भी नहीं रहा। इसकी खूबसूरती यही है कि मैं भी काफी हद तक वैसा ही महसूस कर रही हूं। मुझे खुशी है कि शादी से पहले मेरी जिंदगी बहुत अच्छी थी और अब मैं उसी स्थिति में वापस आ गई हूं। मैं काम पर वापस आकर बहुत खुश हूं। वहीं कुछ दिन पहले सोनाक्षी का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था जिसमें वो और जहीर इकबाल अस्पताल से बाहर आ रहे थे। इस बात पर तंज कसते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने कहा,ठशादी के बाद एकमात्र बदलाव यह आया है कि अब हम अस्पताल नहीं जा सकते क्योंकि जैसे ही आप निकलते हो लोगों को लगता है कि आप प्रेगनेंट हो। यही एकमात्र अंतर है।सोनाक्षी सिन्हा को आखिरी बार संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में फरीदन का किरदार निभाते देखा गया था। अब सोनाक्षी बहुत जल्द रितेश देशमुख और सकीब सलीम के साथ काकुड़ा में नजर आएंगी। ये फिल्म 12 जुलाई को जी5 पर रिलीज होगी।

## एसएस राजामौली पर बनी डॉक्यूमेंट्री इस दिन होगी रिलीज, खुशी से झूम उठे फैंस, बोले- इंडियन सिनेमा के महान फिल्ममेकर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एसएस राजामौली का नाम इंडियन सिनेमा में बड़े ही सम्मान के की ऑडियंस भी खूब करती है। उनकी फिल्म आरआरआर ऑस्कर जीत चुकी है। इसके पहले बाहुबली फिल्म से



साथ लिया जाता है। ऑडियंस को बाहुबली और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर मूवीज देने वाले एसएस राजामौली अगली कौन सी फिल्म बनाएंगे, इसका उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। लोगों को एक से बढ़कर एक धांसू एक्शन वाली फिल्में देने वाले एसएस राजामौली पर अब एक फिल्म बनेगी। साउथ सिनेमा के सबसे बड़े डायरेक्टर एसएस राजामौली के काम की तारीफ बॉलीवुड उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर धाक जमाई थी। अब एसएस राजामौली की डॉक्यूमेंट्री रिलीज होगी जिसकी रिलीज डेट सामने आ चुकी है। फैंस को एसएस राजामौली की रियल लाइफ की झलक जल्द देखने को मिलेगी। एसएस राजामौली इंडियन सिनेमा के नामी फिल्ममेकर माने जाते हैं। लोगों को लार्जर देन लाइफ वाले विजुअल्स के साथ सिनेमाटोग्राफी एक्सपीरियंस देने वाले राजामौली की असल लाइफ की झलक दिखाई जाएगी। दरअसल, यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म होगी। नेटफ्लिक्स ने दिग्गज डायरेक्टर की बायोग्राफी का एलान किया है। इसी के साथ इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। इसे लेकर फैंस में अलग ही उत्साह है। इस डॉक्यूमेंट्री का नाम मॉडर्न मास्टर्सः एस एस राजामौली है। ये डॉक्यूमेंट्री फिल्म 2 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। एसएस राजामौली पर डॉक्यूमेंट्री के एलान के बाद से फैंस में खुशी का माहौल है। न सिर्फ आम लोगों ने, बल्कि सेलेब्स ने भी खुशी जताई है। 'बाहुबली' में भल्लालदेव का रोल करने वाले राणा दग्गुबाती ने फायर इमोजी के साथ कमेंट किया, 'माय मास्टर।' इसी तरह फैंस ने भी एसएस राजामौली की डॉक्यूमेंट्री को लेकर पॉजिटिव रिस्पांस दिया है। एक ने लिखा, 'इन्होंने बहुत सारी फैंटैस्टिक फिल्में की हैं, लेकिन मेरी सबसे पसंदीदा है एगा! क्या कमाल की और खूबसूरत फिल्म है।' एक अन्य ने कमेंट किया, 'इंडियन सिनेमा के ग्रेटेस्ट फिल्ममेकर्स में से एक।

## सम्पादकीय

### नेपाल में एक बार फिर, इस कहावत को चरितार्थ करती है पड़ोसी मुल्क की सियासी उथल-पुथल

नेपाल में एक बार फिर छिड़े सत्ता संघर्ष की गूंज क्षेत्र की भू-राजनीति को कितना बदलेगी, यह तो खैर?वक्त ही बताएगा। लेकिन वहां की सियासी उथल-पुथल से यह कहावत जरूर चरितार्थ होती है कि राजनीति संभावनाओं का?खेल है। दो धुर विरोधी पार्टियां?सरकार बनाने के लिए फिर एकजुट हो रही हैं।नेपाल में हिमालय और भगवान पशुपतिनाथ को शाश्वत माना जाता है। लेकिन न तो हिमालय की मौजूदगी और न ही भगवान पशुपतिनाथ का आशीर्वाद नेपाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित कर सका है। लालची नेताओं के आपसी संघर्ष ने एक और सरकार को खतरे में डाल दिया है। राजशाही के खत्म होने और नेपाल के गणतंत्र बनने के बाद पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की 13वीं सरकार पर विद्रोह का खतरा मंडरा रहा है। उप प्रधानमंत्री और बुनियादी संरचना व परिवहन मंत्री रघुबीर महासेठ ने प्रधानमंत्री दहल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल के समर्थन वापस लेने के बाद जब 20 मई को दहल ने तीसरी बार विश्वास मत हासिल किया था, तो 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उन्हें 157 वोट मिले थे। अब यूएमएल के समर्थन वापस लेने से उनमें से 77 वोट घट गए हैं। हालांकि दहल ने इस्तीफा देने से इन्कार कर दिया है और अब वह नेशनल असेंबली में विश्वास मत की मांग करेंगे। हालांकि वह पहले तीन बार विश्वास मत हासिल कर चुके हैं, लेकिन नेपाल के सियासी भंवर में यह पर्याप्त नहीं है। वास्तव में 2008 के बाद से इस हिमालयी देश में सभी सरकारें दो या दो से अधिक पार्टियों की गठबंधन वाली रही हैं, जिनमें सहयोगी और विरोधी दल बारी-बारी से अपनी स्थिति बदलते रहे हैं। एक बार फिर सियासी घमासान मचा है। 69 वर्षीय दहल, जो तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं, के अलावा 72 वर्षीय खड्ग प्रसाद शर्मा ओली दो बार, तो 78 वर्षीय शेर बहादुर देउबा रिकॉर्ड पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। बहुमत दिखाने के लिए विश्वास मत हासिल करने की खातिर संविधान के तहत दहल को 30 दिन का समय मिलेगा। इससे राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ेगी, जिससे स्वाभाविक ही गरीब देश में आर्थिक संकट बढ़ेगा। माओवादी सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा गठबंधन को बचाने के लिए प्रधानमंत्री प्रचंड और सीपीएन-यूएमएल प्रमुख ओली के बीच वार्ता भी विफल हो गई है। काठमांडू से मिल रही जानकारियों के मुताबिक, दहल ने इस विषय पर ज्यादा बात नहीं की, लेकिन दिवंगत गायक फत्तेमान के एक नेपाली गीत को याद किया- 'येस्तो पानी हुंडो रइछा जिंदगी मा कहिले, कहिले' (कभी-कभी जिंदगी ऐसे ही सामने आती है)। उन्होंने कहा, 'हमने बड़ी शिद्दत से साथ मिलकर काम किया, लेकिन इस बार चीजें बदल गई हैं। हमें भविष्य में भी साथ मिलकर काम करना चाहिए।' दरअसल, नेपाल एक बार फिर तीन दावेदारों के बीच सत्ता संघर्ष का साक्षी बन रहा है। दहल ने नेपाली कांग्रेस के साथ अपना गठबंधन खत्म किया, जो नेपाली संसद में सबसे बड़ी पार्टी है और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के साथ हाथ मिलाया, जो संसद में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दहल की पार्टी नेपाली संसद के निचले सदन में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। नेपाल इस कहावत का शानदार उदाहरण है कि राजनीति संभावनाओं का एक खेल है। नेपाल की दो सबसे बड़ी पार्टियां, जो वैचारिक रूप से एक-दूसरे की धुर विरोधी हैं, सरकार बनाने के लिए एकजुट हो रही हैं। नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) ओली के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सहमत हो गई हैं। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में दोनों की संयुक्त ताकत 167 है, जो 138 के बहुमत के आंकड़े से ज्यादा है। इसका मतलब 18 महीने पुराने प्रचंड के शासन का?अंत?हो सकता है, जिन्होंने कभी नेपाली कांग्रेस, तो कभी सीपीएन (यूएमएल) के समर्थन से इस अवधि के दौरान तीन बार सरकार का नेतृत्व किया। दोनों पार्टियों के नेताओं ने पुष्टि की कि सत्ता साझा करने पर सहमति पिछले सोमवार को ही बन गई थी। सीपीएन (यूएमएल) के महासचिव शंकर पोखरेल ने कहा, 'केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में राष्ट्रीय सर्वसम्मति वाली सरकार बनाने के लिए यूएमएल और नेपाली कांग्रेस के बीच सहमति बन गई है।' नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य और पूर्व वित्तमंत्री प्रकाश शरण महत ने भी इसकी पुष्टि की। लिखित समझौते के अनुसार, ओली और देउबा मौजूदा प्रतिनिधि सभा के बचे हुए समय में बारी-बारी से सरकार का नेतृत्व करेंगे। हालांकि अतीत में ओली ने दहल के लिए पद छोड़ने से इन्कार कर दिया था। नेपाल में पिछला संसदीय चुनाव नवंबर, 2022 में हुआ था, इसलिए अभी मौजूदा सदन का कार्यकाल साढ़े तीन साल बचा हुआ है। दहल के समर्थकों का कहना है कि भ्रष्टाचार से लड़ने के प्रयासों को रोकने के लिए दहल के खिलाफ कदम उठाए गए हैं। बीती एक जुलाई को दहल और गृहमंत्री रबी लामिछाने ने कहा था कि भ्रष्टाचार के बड़े घोटालों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय आयोग बनाने की तैयारी चल रही है। मंत्री ने कहा कि आयोग 25 भ्रष्टाचार संबंधी घोटालों की पहचान कर उनकी जांच करेगा। सरकार ने कहा कि 'यह गठबंधन सरकार को गिराने और देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश है।' पिछले चार महीनों में नेपाली सियासत में काफी उथल-पुथल देखने को मिली। एक महीने पहले संसद में भी हंगामा हुआ था, जब सदस्यों के बीच हाथापाई तक हो गई थी और मार्शलों को बीच-बचाव करना पड़ा था। इस दौरान दहल सरकार ने नई मुद्रा जारी की, जिसमें भारत से सटे इलाकों को नेपाल के हिस्से के रूप में दर्शाया गया है।

## ऐतिहासिक बदलाव की तरफ बढ़ रहा ब्रिटेन सहयोग व नवाचार के सहारे अधिक मजबूत बनने का अवसर

कीर स्टार्मर से उम्मीद है कि भारत-ब्रिटेन संबंध पहले की तरह बने रहेंगे और लेबर पार्टी की नीतियां संभावनाओं के नए द्वार खोलेंगी।लेबर पार्टी और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंध बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ से ही है। 1900 में स्थापित लेबर पार्टी ने अक्सर ब्रिटिश शासन से भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष समेत उपनिवेशवाद-विरोधी आंदोलनों के साथ एकजुटता दिखाई है। रामसे मैकडोनाल्ड जैसे लेबर नेता ब्रिटिश साम्राज्यवाद के मुखर आलोचक थे। जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी जैसे भारतीय नेताओं के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में लेबर पार्टी के समर्थन की अहम भूमिका थी। क्लेमेंट एटली के नेतृत्व में लेबर पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान ही भारत को 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। ब्रिटेन के कई पूर्व प्रधानमंत्रियों के भारत के साथ अच्छे संबंध रहे हैं, जिससे दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध बने। लेबर पार्टी का रुख भी भारत के प्रति सकारात्मक है। कीर स्टार्मर ने चुनाव अभियान के दौरान लगातार ब्रिटेन-भारत संबंधों को बढ़ावा देने, आर्थिक साझेदारी मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर सहयोग पर जोर देने की प्रतिबद्धता जताई है। चौदह वर्षों के बाद ब्रिटेन में लेबर पार्टी के लिए नए युग की शुरुआत हुई है, जिसने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है। लेकिन नई सरकार के समक्ष कठिन चुनौतियां भी हैं, जिनका उसे सामना करना पड़ेगा। ब्रेग्जिट के बाद की वास्तविकताओं से निपटने और



कमजोर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने से लेकर भारत और अमेरिका के साथ नाजुक संबंधों को संभालने तक, लेबर पार्टी की सरकार को कई मोर्चों पर जूझना पड़ सकता है। लेबर पार्टी के कई उम्मीदवारों की जीत में अनिवासी भारतीयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चुनाव में ब्रिटेन स्थित 15 लाख अनिवासी भारतीयों की भूमिका उनकी पर्याप्त उपस्थिति एवं समुदाय में सक्रिय भागीदारी के कारण महत्वपूर्ण थी। ब्रिटिश भारतीयों के साथ अनिवासी भारतीय वहां एक प्रभावशाली मतदाता समूह हैं, जो अक्सर ऐसे मुद्दों पर लामबंद होते हैं, जो दोनों देशों के रिश्तों को प्रभावित करते हैं। कीर स्टार्मर और लेबर पार्टी के प्रति समर्थन के संबंध में, विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय मूल के मतदाताओं में लेबर पार्टी के प्रति झुकाव का कारण पार्टी का भारत के साथ ऐतिहासिक संबंध और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए उसकी पक्षधरता है। निश्चित रूप से कुछ अनिवासी भारतीयों ने अपनी प्राथमिकताओं एवं दृष्टिकोण के आधार पर कंजर्वेटिव एवं अन्य पार्टियों का भी समर्थन किया होगा। भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के अलावा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भी आगे बढ़ सकता है, क्योंकि दोनों देशों के बीच इससे संबंधित वार्ता में पहले ही जबर्दस्त प्रगति हो चुकी है। अब जबकि भारत और ब्रिटेन में मैत्रीपूर्ण सरकारें सत्ता में आ चुकी हैं, इसलिए एफटीए को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जा सकता है। हालांकि दोनों देशों के रिश्तों में जटिलताएं भी हैं। मसलन, वीजा विनियमन, व्यापार अवरोधों और भू-राजनीतिक गतिशीलता जैसे मुद्दों को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया जाना चाहिए। नई सरकार को इन चुनौतियों का समाधान करने और दोनों देशों को लाभ पहुंचाने वाली साझेदारी के लिए सक्रिय कूटनीति की आवश्यकता होगी। लेबर पार्टी को विरासत में संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था मिली है। आर्थिक विकास ठहर गया है, मुद्रास्फीति बढ़ गई है और सार्वजनिक ऋण अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। नई सरकार के सामने ऐसी नीतियों को बनाने और लागू करने की चुनौती है, जो राजकोषीय जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए विकास को बढ़ावा दे। ब्रिटेन की नई सरकार को घरेलू और विदेशी, दोनों ही स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और ब्रेग्जिट के बाद के परिदृश्य को संभालने से लेकर अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को मजबूत करने और घरेलू चिंताओं को दूर करने तक, आगे का कार्य बहुत बड़ा है। हालांकि, स्पष्ट दृष्टिकोण, व्यावहारिक नीतियों और सामाजिक न्याय और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ लेबर सरकार के पास ब्रिटेन के लिए प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करने का अवसर है। इन चुनौतियों का सामना करके और सहयोग व नवाचार की भावना को बढ़ावा देकर, ब्रिटेन वैश्विक क्षेत्र में अधिक मजबूत होकर उभर सकता है।

## कंजर्वेटिव को मात की पटकथा पहले ही तैयार थी.. संकट में अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई से जीना दूभर

ब्रिटेन के चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी की हार की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी। यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था संकट से जूझ रही है, तो बढ़ती महंगाई ने भी जीना दूभर किया है। दरअसल, वहां चीजें बदल रही हैं, लेकिन ब्रिटेन इस हकीकत को देखने के लिए तैयार नहीं दिखता।टेन के संसदीय चुनाव में 14 साल बाद लेबर पार्टी ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है और कंजर्वेटिव पार्टी की बुरी तरह हार हुई है। ऋषि सुनक ने अपनी हार मान ली है और उन्होंने लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को जीत की बधाई भी दी है। अब कीर स्टार्मर का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय हो गया है। दरअसल, सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की हार की पटकथा लगभग उसी समय लिखी जा चुकी थी, जब बीते मई में निवर्तमान ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अचानक चुनाव की घोषणा करके पूरे देश को चौंका दिया था। वास्तव में कंजर्वेटिव पार्टी को यकीन नहीं था कि वे शरणार्थियों (खासकर मुसलमानों) की रिकॉर्ड संख्या को आने से रोक पाएंगे। इस चुनाव में कंजर्वेटिव ने कई वादे किए, जिनमें कुछ शरणार्थियों को रवांडा भेजने की बेहद विवादास्पद योजना भी शामिल थी। दूसरी तरफ, ब्रिटिश जनता कई समस्याओं से जूझ रही थी। जैसे बढ़ती महंगाई ने उनके घर का बजट बिगाड़ दिया। इसके अलावा, उन्हें लगता है कि अनियंत्रित इस्लामी शरणार्थियों की समस्या 'ब्रिटिश जीवन-शैली' को बर्बाद कर रही है, कभी दुनिया भर में प्रशंसित शिक्षा प्रणाली बर्बाद हो रही है, सार्वजनिक



स्वास्थ्य सेवा ध्वस्त हो गई है, लोगों को रहने के लिए सस्ता घर नहीं मिल रहा है और युवाओं में बेरोजगारी बढ़ रही है। यहां तक कि प्रवासी भारतीय भी कंजर्वेटिव पार्टी से दूर जा रहे थे, क्योंकि ये समस्याएं उन्हें भी परेशान कर रही हैं। चुनावी नतीजों को प्रभावित करने वाले इन मुद्दों से निपटने के बजाय निवर्तमान प्रधानमंत्री यूक्रेन युद्ध में रूस को हराने के लिए अमेरिकी रथ में सवार हो गए। करदाताओं का पैसा बेकार के प्रयासों में बर्बाद किया जा रहा है, जबकि यूक्रेन नष्ट हो चुका है। असल में ब्रिटेन आज यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के अपने आत्मघाती कदम से जूझ रहा है, जिसने वहां की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया है। वह हताश होकर अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि बेहतर करना चाहता है, जबकि उसने वैश्विक मामलों में नाटकीय ढंग से अपनी कम हुई भूमिका को स्वीकार नहीं किया है। इन्हीं वजहों से संसदीय चुनावों में लेबर पार्टी ने ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को आराम से हरा दिया। लेबर पार्टी के उदय के लिए किसी लोकप्रिय नीति की तुलना में 'रूढ़िवादी विस्फोट' को ज्यादा जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। कई प्रयासों के बाद एक दशक पहले भी ग्रेट ब्रिटेन बड़ी मुश्किल से स्कॉटिश स्वतंत्रता के जनमत संग्रह से बच पाया था। इस तरह का प्रयास फिर से होगा, क्योंकि ब्रिटिश अर्थव्यवस्था गिरती जा रही है। स्कॉटिश लोग फिर से यूरोपीय संघ में शामिल होना चाहते हैं। वैश्विक स्तर पर ब्रिटेन की प्रतिष्ठा बहुत नीचे गिर चुकी है। लंदन में अब वह बात नहीं रही। मई, 2024 में एक वरिष्ठ ब्रिटिश अधिकारी ने माना कि दुनिया का 40 प्रतिशत अवैध धन लंदन में आता है। भ्रष्ट राजनेताओं, नौकरशाहों, व्यापारियों आदि द्वारा पैदा किए गए काले धन के लिए इंग्लैंड दुनिया की सबसे बड़ी पनाह बन गया है। भारत के कई घोषित आर्थिक अपराधी लंदन में छिपे हुए हैं, जिनमें से कुछ लोग भारतीय बैंकों के साथ की गई धोखाधड़ी के खिलाफ मुकदमे का सामना करने के लिए भारत लौटने की अपेक्षा ब्रिटिश जेल में रहना पसंद करते हैं। जबकि ब्रिटेन ने जुलाई, 1989 में वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के गठन में बहुत सक्रियता दिखाई, जिसका उद्देश्य मनी लॉन्डरिंग, आतंकवादियों को फंडिंग और सामूहिक विनाश के हथियारों की फंडिंग से निपटने के उपायों को विकसित करना था। इंग्लैंड अतीतवाद से ग्रस्त है। वह कभी महान रह चुके अपने अतीत के साथ जीना पसंद करता है। जनवरी 2020 में, ब्रिटेन ने दुनिया के अग्रणी वैज्ञानिकों को आकर्षित करने के लिए फास्ट-ट्रैक वीजा देने की घोषणा की, जिसमें ब्रिटेन आने वाले योग्य लोगों की संख्या पर कोई सीमा निर्धारित नहीं थी। एक समय दुनिया का लगभग एक चौथाई हिस्सा ब्रिटेन के अधीन था। ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य कभी अस्त नहीं होता था। हम भारत के लोगों ने ही दुनिया के सबसे बड़े साम्राज्य का विध्वंस किया, क्योंकि हमने गैर-उपनिवेशीकरण की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसके कारण ब्रिटिश साम्राज्य ध्वस्त हो गया। 18वीं सदी के अंत में फ्रांसीसी क्रांतिकारी बर्ट्रेंड बारेरे ने एंगलटेरे (अंग्रेजों की भूमि) को 'दुकानदारों का देश' बताया था, जो ईमानदार होने का दिखावा करते हैं, लेकिन वास्तव में धोखेबाज होते हैं। फ्रांसीसी क्रांति के दौरान 'विश्वासघाती अंग्रेज' फ्रांस में एक आम कहावत बन गई थी। सुनक ने हाल में कुछ गलतियां कीं, जिनका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। जब वह कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व करने के लिए चुनाव लड़ रहे थे, तब भी उनकी छवि को पार्टीगेट (कोरोना लॉकडाउन के दौरान प्रधानमंत्री निवास में बोरिस जॉनसन के साथ जश्न मनाने) से झटका लगा था। संभवतः इससे भी ज्यादा नुकसान उन्हें वित्तीय मामलों को लेकर पारिवारिक विवाद के कारण हुआ। इसने उनकी लोकप्रियता को भारी नुकसान पहुंचाया, क्योंकि कोविड सहायता योजना को लेकर उन्होंने अपनी अच्छी छवि बनाई थी, जिससे उन्हें परिवारों और व्यवसायों को बचाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई का श्रेय मिला था। हाल में उनकी आलोचना इसलिए हुई कि वह जीवन-यापन के संकट से जूझ रहे लोगों की मदद करने में सुस्त दिखे और लोगों से दूर होते दिखे। महंगी निजी वस्तुओं का दिखावा करने के चलते भी उनकी आलोचना हुई। नवीनतम जनगणना के अनुसार, ब्रिटेन में गैर-ईसाई आबादी बढ़ रही है। अवैध प्रवासन के कारण मुसलमानों की संख्या वहां बढ़ रही है। इससे ब्रिटिश नाराज हैं। समय बदल जाता है, लेकिन मानसिकताएं स्थिर रहती हैं। यदि ब्रिटेन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं होता, तो उसका वैश्विक प्रभाव सोमालिया के बराबर ही होता। हकीकत सामने है, लेकिन साम्राज्यवादी रवैया उसे स्वीकार करने से रोकता है। ऐसे में भला नस्लवादी अंग्रेज भारतीय मूल के ऋषि सुनक को कैसे बर्दाश्त करते? पता नहीं, सुनक ने इससे कुछ सबक सीखा या नहीं!


## कैसे चलेगी कार्यवाही क्या हंगामे की भेंट चढ़ जाएंगे अगले सत्र भी

पिछली बार विपक्ष बहुत कमजोर और बंटा हुआ था इसलिए अक्सर सत्ता पक्ष के भारी बहुमत की हूटिंग से विपक्ष के नेताओं की आवाजें दब जाया करतीं थीं। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष ने अपनी आवाज के बढ़े हुए वॉल्यूम का अहसास जानबूझ कर प्रधानमंत्री को दिलाया। हालांकि इसका जवाब भी विपक्ष को आने वाले सत्रों में अवश्य मिलेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पास कराने के साथ ही संसद की कार्यवाही 3 जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। आम चुनाव के बाद 18वीं लोकसभा की कार्यवाही 24 जून को शुरू हुई थी जो कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तर के बाद 2 जुलाई को तथा राज्यसभा का 264 वां सत्र प्रधानमंत्री के उत्तर के बाद 3 जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। लेकिन पक्ष और विपक्ष के बीच संसद के इस सत्र में और खासकर लोकसभा में जिस तरह का संग्राम हुआ वह भविष्य के संसदीय लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी बजा गया। दरअसल, लोकसभा में एनडीए और इंडिया नाम के दो गठबंधन पक्ष और विपक्ष के जैसे आचरण करने के बजाय दो घोर शत्रुओं का जैसा आचरण कर रहे थे और पीठासीन अधिकारी पंच परमेश्वर की भूमिका नहीं निभा रहे थे। जिम्मेदार नेता संसदीय आचरण और परम्पराओं को भूलकर राष्ट्रहित की बातें कम और एक दूसरे के खिलाफ व्यक्तिगत जहर ज्यादा उगल रहे थे, इसलिए कहा जा सकता है कि दोनों हाथों से ताली बजने के कारण संसद में यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति पैदा हुई है जो आने वाले सत्रों के लिए बहुत बुरा संकेत है।संसद में टकराव स्पीकर के चुनाव को लेकर ही शुरू हो गया था। सत्ता पक्ष विपक्ष को यह संदेश देना चाहता था कि तुम चाहे हमारा आधार और लोकप्रियता घटने का जितना भी प्रचार करो और बहुमत न मिलने का चाहे जितना भी ढोल क्यों न पीट लो मगर सरकार हमारी ही बन गई और तुम सब मिलकर भी एक अकेली भाजपा के बराबर नहीं पहुंच सके। सत्ता पक्ष पहले ही मंत्रियों को पुराने विभाग देकर संदेश दे चुका था कि सबकुछ वही है और सरकार का इकबाल उतना ही बुलंद है, इसलिए स्पीकर भी वही रहेंगे जो कि मोदी-2 में थे। लेकिन विपक्ष सत्रहवीं लोकसभा के कटु अनुभव नहीं भूला था। पिछली बार विपक्ष के जो 140 सांसद संसद से निलंबित किए गए उनमें 100 सांसद लोकसभा के थे। यही नहीं विपक्ष को स्पीकर ओम बिड़ला से एक नहीं बल्कि अनेक शिकायतें थीं इसलिए विपक्ष का ओम बिड़ला के नाम से बिदकना स्वाभाविक ही था। लेकिन टकराव की असली वजह इस बार विपक्ष के और ताकतवर बन कर उभरने की तथा सत्ता पक्ष और खासकर भाजपा के कमजोर होने की थी, इसलिए विपक्ष भी सत्ता पक्ष को अपनी ताकत का अहसास दिलाने के लिए डिप्टी स्पीकर की मांग पर अड़ा रहा। बहरहाल लोकसभा में महज ध्वनिमत से ओम बिड़ला स्पीकर चुन लिए गए। चूंकि विपक्षी इंडिया खेमे ने आम चुनावों के दौरान संविधान को खतरे का मुद्दा



बनाया था और उसे कुछ हद तक इसका लाभ भी मिला था, इसलिये विपक्षी सदस्यों ने उस मुद्दे को जिन्दा रखने के लिए संविधान की प्रतियां हाथों में लेकर लोकसभा सदस्यता की शपथ ली। जो कि सत्ता पक्ष को नागवांर गुजरी। इसलिये उसने भी राष्ट्रपति और पीठासीन अधिकारियों के मार्फत 1975 में लगी इमरजेंसी की याद विपक्ष को दिला दी। इसने आग में घी डालने का काम किया। सर्वविदित् है कि राष्ट्रपति का भाषण कैबिनेट द्वारा तैयार होता है और उसी की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति द्वारा पढ़ा जाता है। लेकिन स्पीकर या राज्यसभा के सभापति की ऐसी कोई मजबूरी नहीं होती। लोकसभा में स्पीकर का एक पार्टी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम लेकर इमरजेंसी का निन्दा प्रस्ताव पढ़ना विपक्ष और खास कर विपक्ष के सबसे बड़े दल को नागवार गुजरना स्वाभाविक ही था। बात यहीं समाप्त नहीं हुई। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाषण प्रधानमंत्री को उकसाने के लिए काफी था और उसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जिस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को कांग्रेस पार्टी और खासकर राहुल गांधी पर केन्द्रित किया उसका जवाब उन्हें तत्काल ही सदन में भारी हूटिंग से मिल गया। पिछली बार विपक्ष बहुत कमजोर और बंटा हुआ था इसलिए अक्सर सत्ता पक्ष के भारी बहुमत की हूटिंग से विपक्ष के नेताओं की आवाजें दब जाया करतीं थीं। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष ने अपनी आवाज के बढ़े हुए वॉल्यूम का अहसास जानबूझ कर प्रधानमंत्री को दिलाया। हालांकि इसका जवाब भी विपक्ष को आने वाले सत्रों में अवश्य मिलेगा।संसद का महौल बिगाड़ने के लिए राजनीतिक दलों के साथ ही पीठासीन अधिकारियों का पक्षपातपूर्ण रवैया भी जिम्मेदार रहा है। दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों ने पहले ही सत्र में संकेत दे दिया कि वे न तो बदलने वाले हैं और लोकतंत्र से ज्यादा उनकी निष्ठा पद का सुख प्रदान कराने वालों के प्रति है। बीते सत्र के दौरान न तो विपक्ष ने सदन के नेता प्रधानमंत्री का लिहाज किया और ना ही नेता विपक्ष के पद का लिहाज किया गया। लोकसभा में नेता विपक्ष के भाषण के रिकॉर्ड में जिस तरह काटपीट हुई वह नेता प्रतिपक्ष की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन ही था। विधान सभाओं में हो चुका है खून-खराबासंसद में भारी हंगामें और पक्ष-विपक्ष की बीच बहुत तीखी तकरार के कई मौके आ चुके हैं। लेकिन ऐसी नौबत शायद ही पहले कभी आई हो। राज्य विधानसभाओं में पक्ष विपक्ष की दुश्मनी के चलते अनेक बार हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं। 1 जनवरी 1988 को तमिलनाडु विधानसभा में जानकी रामचंद्रन ने विश्वास मत के लिए विशेष सत्र बुलाया था। अपने पति एमजीआर के निधन के बाद वह मुख्यमंत्री बनीं थीं। लेकिन ज्यादातर विधायक जयललिता के साथ थे। इस दौरान सियासी गठजोड़ के बीच विधानसभा की बैठक में माइक और जूते चले। सदन में लाठीचार्ज भी करना पड़ा। इसी तरह 25 मार्च 1989 तमिलनाडु विधानसभा में ही बजट पेश करने के दौरान दंगे जैसे हालात पैदा हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान जयललिता की साड़ी फाड़ने की कोशिश की गई। उत्तर प्रदेश विधानसभा में 22 अक्टूबर 1997 में दंगा भड़क गया, जिसमें विधायकों ने एक-दूसरे पर फेंकने के लिए माइक्रोफोन, कुर्सियां और अन्य सामान उठा लिया। सुरक्षाकर्मियों ने अध्यक्ष की ढाल के रूप में डेस्क के ऊपरी हिस्से को उखाड़ दिया। विधायकों के बीच हुई हिंसा इस कदर बढ़ी जिसमें स्पीकर समेत कई विधायक घायल भी हुए। महाराष्ट्र विधानसभा में 10 नवंबर 2009 को सपा के विधायक अबु आजमी ने हिंदी में शपथ ली तो एमएनएस के चार विधायक हिंसक हो गए। इसके बाद चार साल तक इन विधायकों को सस्पेंड किया गया। केरल विधानसभा में 13 मार्च 2015 केरल विधानसभा में बजट पेश करने के दौरान विपक्षी दलों ने हंगामा करते हुए हाथपाई शुरु कर दी। इस दौरान दो विधायक घायल हो गए। अगर संसद में दोनों पक्षों का नजरिया नहीं बदला तो राज्य विधान सभाओं में हुई दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की नौबत संसद में भी आ सकती है। संसदीय आचरण का पालन दोनों पक्षों लिए जरूरी संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले विवादास्पद विषयों पर भी बहस मर्यादा का उल्लंघन न करे इसलिये संसद द्वारा ही सदस्यों के लिये आचार संहिता तैयार की जाती है। इसीलिये कहा जाता है कि संसद किसी की इच्छा या राजनीतिक सहूलियत से नहीं बल्कि नियमों से चलती है। कुछ स्थापित संसदीय रीति-रिवाज, परंपराएं, शिष्टाचार और नियम हैं जिनका पालन सदस्यों को सदन के अंदर और बाहर दोनों जगह करना आवश्यक होता है। ये न केवल संसद में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों और पीठासीन अधिकारियों के निणर्यों और टिप्पणियों पर आधारित होते हैं बल्कि संसद की पिछली प्रथाओं, परंपराओं और उदाहरणों पर भी आधारित होते हैं, जिन्हें सदस्य संसद में अपने व्यक्तिगत अनुभव से जानते हैं। ये सभी वही हैं, जिन्हें तकनीकी रूप से संसदीय शिष्टाचार के रूप में जाना जाता है। सदन को अपने सदस्यों को सदन में या बाहर उनके कदाचार के लिए दंडित करने का अधिकार है। सदस्यों द्वारा किए गए कदाचार या अवमानना के मामलों में, सदन चेतावनी, फटकार, सदन से निकासी, सदन की सेवा से निलंबन, कारावास और सदन से निष्कासन के रूप में दंड दे सकता है।

# स्पोर्ट्स



टी20 वर्ल्ड कप के बाद अब जिम्बाब्वे से टकराएगी भारतीय टीम, जानें कब, कहां और कैसे देखें मुकाबला



## अनंत अंबानी की संगीत सेरेमनी में एमएस धोनी को जन्मदिन की दिलाई गई याद, माही ने दिया खूबसूरत जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी शुक्रवार को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरेमनी में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें उनका जन्मदिन याद दिलाया गया। इस पर माही ने मजाकिया अंदाज में खूबसूरत सा जवाब दिया। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरेमनी में खेल और ग्लैमर जगत के कई दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी पतनी साक्षी के साथ पहुंचे। फोटो खिंचवाने के दौरान किसी ने उन्हें आने वाले जन्मदिन के बारे में याद दिलाया। इस पर माही ने मुस्कुराते हुए बड़ा ही खूबसूरत सा जवाब दिया।


दरअसल, भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी का 7 जुलाई को जन्मदिन है। रविवार को वह 43 साल के हो जाएंगे। इससे पहले शुक्रवार को वह मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत समारोह में शामिल हुए। इस पार्टी में खेल और ग्लैमर जगत कई हस्तियां शामिल हुईं। इस भव्य समारोह में लोगों ने धोनी को उनका जन्मदिन याद लिया और कमेंट किया। वहां, मौजूद लोगों ने कहा, जन्मदिन आ रहा है सर। इस पर धोनी ने वापस जाते हुए मुस्कुरा कर जवाब दिया, गिफ्ट लेकर आना। इस पर वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे। इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

गौरतलब हो कि एमएस धोनी भारत के इकलौते ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने तीन आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। साल 2007 में टी20 वर्ल्ड कप, 2011 में वनडे वर्ल्ड कप और साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। कपिल देव की कप्तानी में 1983 वनडे वर्ल्ड कप भारत ने जीता है। हाल ही में इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीता है। बता दें कि अनंत अंबानी के संगीत समारोह में टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, क्रुणाल पांड्या, ईशान किशन, जहीर खान जैसे दिग्गज और युवा क्रिकेट भी शामिल हुए। सभी क्रिकेटरों ने पार्टी में खूब मस्ती की।



## विंबलडन जीतने पर मिलते हैं इतने करोड़ रुपये, टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भी भारत को नहीं मिली उतनी प्राइज मनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विंबलडन 2024 टूर्नामेंट की शुरुआत हो चुकी है और दुनिया के कुछ सबसे बड़े नाम इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 1 जुलाई को मेंस सिंगल और महिला सिंगल दोनों श्रेणियों के पहले दौर के मैचों के साथ हुई। गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने सेंटर कोर्ट पर पहले राउंड में एस्टोनिया के गैरवरीय मार्क लाजल को सीधे सेटों में हराया कर जीत के साथ आगाज किया था। भारतीय टीम ने हाल ही में साउथ अफ्रीका को फाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता है। आईसीसी ने भारतीय टीम को 20 करोड़ रुपये से अधिक की प्राइज मनी दी। हालांकि यह प्राइज मनी अभी भी विंबलडन सिंगल खिलाडि़यों द्वारा पुरुष



और महिला वर्ग में खिताब जीतने के बाद मिलने वाली प्राइज मनी से बहुत कम है। इस बीच जैसे-जैसे खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वैसे-वैसे इनाम राशि भी दांव पर लग गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि सिंगल स्पर्धा के विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि, यूएसए और वेस्टइंडीज में टी20 वर्ल्ड कप 2024 की जीत के बाद भारतीय टीम को दी गई पुरस्कार राशि से भी अधिक है। वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय टीम को 2.45 मिलियन डॉलर की नकद पुरस्कार राशि मिली, जो भारतीय करेंसी में 20.42 करोड़ रुपये के बराबर है। वहीं, विंबलडन 2024 में मेंस और महिला वर्ग में सिंगल विजेता को 2,700,000 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड मिलेंगे, जो भारतीय मुद्रा में 28,50,94,110 करोड़ रुपये के बराबर है। मेंस सिंगल और महिला सिंगल दोनों में विजेताओं को एक बराबर पुरस्कार राशि मिलेगी।

## इंडिया की लगातार दूसरी जीत, गुरकीरत ने खेली तूफानी पारी; वेस्टइंडीज चैंपियंस को 27 रन से चटाई धूल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** युवराज सिंह की कप्तानी में इंडिया चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 में वेस्टइंडीज चैंपियंस को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। बारिश से प्रभावित इस मैच को इंडिया चैंपियंस ने डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 27 रन से जीता। भारत की तरफ से गुरकीरत योगदान दिया। कप्तान युवराज सिंह 38 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने आए गुरकीरत सिंह ने तूफानी पारी खेली। गुरकीरत सिंह ने 42 गेंद का सामना करते हुए 7 छक्के और 6 चौकों की मदद से नाबाद 86 रन की ताबतोड़ पारी खेली। ऑलराउंडर इरफान पठान ने 18 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।



सिंह ने नाबाद 86 रन की पारी खेली। कप्तान युवराज सिंह 38 रन बनाकर रियटायर्ड हर्ट हो गए थे। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के छठे मैच में इंडिया चैंपियंस ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 229 रन का विशाल स्कोर बनाया। गुरकीत सिंह ने नाबाद 86 रन की तूफानी पारी खेली। इसके जवाब में वेस्टइंडीज चैंपियंस ने 5.3 ओवर में एक विकेट पर 31 रन था कि बारिश आ गई और दोबारा मैच नहीं शुरू हो सका और इंडिया को 27 रन से जीत मिली। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद इंडिया चैंपियंस ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 229 रन का विशाल स्कोर बनाया। गुरकीरत सिंह ने तूफानी पारी खेली। सलामी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने 18 गेंद पर 43 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दी। रैना ने 19 रन का वेस्टइंडीज की तरफ से टीनो बेस्ट ने दो विकेट हासिल किए, जबकि तीन गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने आए गुरकीरत सिंह ने तूफानी पारी खेली। गुरकीरत सिंह ने 42 गेंद का सामना करते हुए 7 छक्के और 6 चौकों की मदद से नाबाद 86 रन की ताबतोड़ पारी खेली। ऑलराउंडर इरफान पठान ने 18 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वेस्टइंडीज की तरफ से टीनो बेस्ट ने दो विकेट हासिल किए, जबकि तीन गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। बता दें कि इंडिया चैंपियंस ने दो लगातार मैच जीतकर 4 अंको के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई है। पाकिस्तान दूसरे स्थान पर खिसक गई है। इंडिया का अगला मुकाबला पाकिस्तान से ही है। वेस्टइंडीज की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले पाकिस्तान चैंपियंस ने रोमांचक मुकाबले में हराया था।

## जिम्बाब्वे से टकराएगी शुभमन गिल की युवा ब्रिगेड, 1-2 नहीं इतने खिलाड़ी कर सकते डेब्यू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्?ड कप 2024 के बाद अब भारतीय टीम जिम्बाब्वे की टी20 सीरीज का यह पहला मैच शनिवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए को आजमा सकती है। सुंदर गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी को भी गहराई देते हैं। इसके अलावा भारतीय टीम



से टकराने के लिए तैयार है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली युवा टीम का सामना सिकंदर रजा की टीम से होगा। 5 मैचों की टी20 सीरीज का यह पहला मैच शनिवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे शुरू होगा। इस सीरीज के लिए आईपीएल के कई स्टार प्लेयर्स को भारतीय स्क्वॉड में जगह दी गई है। ऐसे में पहले मुकाबले में इनमें से कई खिलाडयिों को डेब्यू का मौका मिल सकता है। टी20 वल्ड कप 2024 के बाद अब भारतीय टीम जिम्बाब्वे से टकराने के लिए तैयार है। 5 मैचों आईपीएल के कई स्टार प्लेयर्स को भारतीय स्क्वॉड में जगह दी गई है। ऐसे में पहले मुकाबले में इनमें से कई खिलाडि़यों को डेब?यू का मौका मिल सकता है। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और युवा बल?लेबाज अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत कर सकते हैं। 3 नंबर पर कप्तान शुभमन गिल खुद मैदान पर आ सकते हैं। 4 नंबर पर रियान पराग और 5 पर फिनिशर रिंकू सिंह को मौका दिया जा सकता है। विकेटकीपर के तौर पर जितेश शर्मा को मौका मिल सकता है। टीम वॉशिंगटन सुंदर और रवि बिशनेई के रूप में 2 स्पिनर 3 तेज गेंदबाजों पर भी भरोसा जता सकती है। इनमें आवेश खान, खलील अहमद और मुकेश कुमार शामिल हैं।भारतः रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (कप?तान), रियान पराग, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिशनेई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार। जिम्बाब्वेः इनोसेंट कैया, तादिवानाशे मारुमनी, ब्रायन बेनेट, सिकंदर रजा (कप्तान), वेस्ले माधेवेरे, क्लाइव मदांडे (विकेटकीपर), ल्यूक जोंगवे, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजरबानी, तेंडाई चटारा, रिचर्ड नगारवा।

## गेंदबाज दिखाएंगे दम या बल्लेबाज मचाएंगे तहलका, जानिए क्या कहती है हरारे की पिच रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हरारे भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेले जाने वाले पहले टी20घ् मैच की मेजबानी करने के लिए तैयार है। भारतीय समायनुसार दोपहर 4:30 बजे से मैच शुरू होगा। पांच मैच की सीरीज के सारे मैच हरारे में ही खेले जाएंगे। 6 जुलाई को पहला मैच खेला जाएगा। टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद सीनियर भारतीय टीम वापस इंडिया लौट आई है। वहीं दूसरी तरफ यंग खिलाडि़यों से सजी भारतीय टीम जिम्बाब्वे में अपना पहला टी20घ् मैच खेलने के लिए तैयार है। शुभमन गिल की कप्तानी में शनिवार 6 जुलाई को हरारे में युवा भारतीय टीम पहला टी20घ् मैच खेलेगी। जिम्बाब्वे दौरे पर गई भारतीय टीम पांच टी20घ् मैच खेलेगी। शुभमन गिल की कप्तानी में यंग भारतीय टीम मैदान पर उतरेगी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। बीसीसीआई ने यंग क्रिकेटरों को मौका देने के लिए लक्ष्मण की कोचिंग में जिम्बाब्वे दौरे पर भेजा है। हरारे में अभी तक 50 टी20घ् मैच खेले जा चुके हैं। इनमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 29 तो टारगेट चेज करने वाली टीम ने 20 बार मैच जीता है। यहां पहली पारी का औसत स्कोर 152 है। एक बार यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 229 का सर्वोच्च टीम स्कोर बनाया है। हरारे की पिच पर दूसरी पारी का औसत स्कोर 130 का रहा है। दूसरी पारी का सर्वोच्च स्कोर 194 है। 200 का स्कोर यहां चेज किया जा सकता है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब की पिच बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों की मददगार रही है। मैच में पहले तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है। यहां दूसरी पारी में पिच बहुत ज्यादा बदलती नहीं है। हालांकि, गेंद में टर्न देखने को मिल सकता है।



## टी20 वर्ल्ड कप के बाद अब जिम्बाब्वे से टकराएगी भारतीय टीम, जानें कब, कहां और कैसे देखें मुकाबला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इन दिनों जिम्बाब्वे के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जानी है। सीरीज का पहला मुकाबला 6 जुलाई को खेला जाएगा। इस दौरे के बीच पहला टी20 इंटरनेशनल मैच कहां खेला जाएगा भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहला टी20 इंटरनेशनल मैच भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे शुरू होगा। साथ ही टॉस 4 बजे होगा।भारत के जिम्बाब्वे के बीच टी20



के लिए भारत की युवा टीम को भेजा गया है। शुभमन गिल को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है। गिल पहली बार टीम इंडिया की कमान संभालते नजर आएंगे। इस टीम में आईपीएल के कई स्टार खिलाड़ियों को जगह दी गई है। ऐसे में ये प्लेयर पहले ही मैच में इंटरनेशनल डेब्यू कर सकते हैं। भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहला टी20 इंटरनेशनल मैच कब और कहां खेला जाएगा। साथ ही फैंस मैच का लाइव प्रसारण और लाइव स्टीमिंग कैसे देख सकते हैं, आइए जानते हैं।टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद अब भारतीय टीम जिम्बाब्वे से टकराने के लिए तैयार है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली युवा टीम का सामना सिकंदर रजा की टीम से होगा। गिल पहली बार टीम इंडिया की कमान संभालते नजर आएंगे। भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहला टी20 इंटरनेशनल मैच कब और कहां खेला जाएगा। आइए जानते हैं। भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहला टी20 इंटरनेशनल मैच शनिवार, 6 जुलाई को खेला जाएगा। भारत और जिम्बाब्वे सीरीज का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर उपलब्ध होगा। मुकाबले का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 (हिंदी), सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 (तमिल, तेलुगु) और सोनी स्पोर्ट्स टेन 5 (अंग्रेजी) पर किया जाएगा। मैच की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव एक पर उपलब?ध रहेगी। इसके अलावा मैच से जुड़ी पल-पल की अपडेट आप दैनिक जागरण एप पर भी प्राप्त कर सकते हैं। शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिशनेई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा। शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिशनेई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, संजू सैमसन, शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल।

# राशिफल

**मेष-:** स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है

**वृष-:** आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहेगा। आज आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-:** आज का दिन भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-:** जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. आज अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-:** आज आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-:** आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-:** किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-:** आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, आज वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-:** आज भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से आज विचलित हो सकता है।

**मकर-:** खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अड़ियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-:** आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है।

**मीन-:** आज आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़




## ब्रेन हेमरेज की जद में आया पूर्व क्रिकेटर, दिमाग के कुछ हिस्सों में जम गया है खून

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व बल्लेबाज नफीस इकबाल ब्रेन हेमरेज की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्हें ढाका के एक अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। इकबाल टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के लॉजिस्टिक मैनेजर के रूप में का किया था। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से उन्हें तेज सिरदर्द की शिकायत थी, जिसके बाद खून बहना शुरू हो गया। ईएसपीएन क्रिकइन्फो से बात करते हुए



को शुक्रवार दोपहर को एयर एंबुलेंस से ढाक लगाया और उन्हें हाई डिपेंडेंसी यूनिट ( एचडीयू) में रखा गया है। नफीस इकबाल, तमीम इकबाल के बड़े भाई हैं। बांग्लादेश के पूर्व बल्लेबाज नफीस इकबाल को ब्रेन हेमरेज के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके दिमाग के कुछ हिस्सों में खून के थक्के जम गए हैं। बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी महमूदुल्लाह मुशफिकुर रहीम और मशरफे मुर्तजा ने अस्पताल में नसीफ से मुलाकात की है। वहींं के डॉक्टर ने बताया कि वह खतरे से बाहर हैं। वह डॉक्टरों की निगरानी में है। गौरतलब हो कि नफीस ने हाल ही में वेस्टइंडीज और अमेरिका में समाप्त हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डॉक्टर देबाशीष चौधरी ने कहा, विशेषज्ञों ने हमें बताया है कि नफीस सेरेब्रल वेनस थ्रोम्बोसिस नामक बीमारी से पीडि़त है। उनके मस्तिष्क के कुछ हिस्से में खून के थक्के जम गए हैं। कुछ दिनों तक अस्पताल में रहेंगे। डॉक्टर ने कहा है कि उसकी हालत खराब नहीं हुई है वह पूरी तरह से ठीक हो जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइन्फो से बात करते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डॉक्टर देबाशीष चौधरी ने कहा, विशेषज्ञों ने हमें बताया है कि नफीस सेरेब्रल वेनस थ्रोम्बोसिस नामक बीमारी से पीडि़त है। उनके मस्तिष्क के कुछ हिस्से में खून के थक्के जम गए हैं।




# हाथरस के सत्संग की भगदड़ से श्रद्धालुओं की हुई मृत्यु पर हुई शोक सभा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** जनपद हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़ में 121 से अधिक श्रद्धालुओं की मृत्यु अत्यन्त दुःखद है। भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र परिवार 121, से अधिक मृतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि भगवान् उनके परिवार जनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। परमात्मा इन सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के कार्यकारिणी सदस्य रवि राघव ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक बहुत विचित्र और अचम्भित बात ये है कि मनमाने ढोंगियों के प्रति लोग इतने आस्थावान कैसे हो जाते हैं ये समझ नहीं आता। समाज का एक तबका ऐसा भी हैं जिसे धर्म से या पूजा पाठ से कोई लेना देना नहीं है बस मार्केटिंग किसकी अच्छी चल रही है और भीड कहा ज्यादा इकट्ठी हो रही है बड़ी बड़ी गाडियां किसके साथ घूम रही है बस वही सबसे बड़ा साधू और समाज सुधारक नजर आता है। और वही सभी जुड़ने लगते हैं। उसकी तपस्या और साधना के बारे में कुछ नहीं देखते है।यह हमारे समाज की बहुत बड़ी विडम्बना है। इसीलिए हमारा सनातन धर्म उपहास का कारण बनता जा रहा है। ऐसे लोग केवल धर्म को व्यवसाय बना बैठे हैं और भोली भाली जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। स्वयं को ब्रह्मांड का स्वामी कहने वाला व्यक्ति सूट बूट में बैठकर श्रद्धालुओं की आस्था का दोहन करता है।-न परम्परा, न शास्त्रीय रहन-सहन, न वैदिक पद्धति,,ये हम किस दिशा में जा रहे हैं। अपने मां-बाप और गुरुओं की सेवा करने की बजाय हम ऐसे लोगों के चंगुल में फंसकर अपने परिवार वालों और समाज को किस दिशा में ले जा रहे हैं ।



# सामुदायिक किचन के लिए प्राधिकरण के कर्मचारी देंगे अपना एक दिन का वेतन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों के एक फैसले की शहर में खूब चर्चा हो रही है। जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा



संचालित किया जा रहे सामुदायिक किचन के लिए प्राधिकरण के कर्मचारियों ने अपना एक दिन का वेतन देने का फैसला किया है। आपको बता दें कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए शहर में सामुदायिक किचन संचालित किया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण की नई पहल नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. लोकेश एम की पहल पर इस सामुदायिक किचन को चलाया जा रहा है। अब नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) ने भी इस सामुदायिक किचन में अपनी भागीदारी देने का फैसला किया है। नोएडा प्राधिकरण के एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार सिंह ने बताया कि संगठन की एक बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया है कि सामुदायिक किचन में प्राधिकरण के समूह क, ख तथा घ श्रेणी के अधिकारी/कर्मचारी एक दिन का वेतन एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के वेतन में से 1100 रूपये प्रति कर्मचारी सहयोग धनराशि दी जाएगी। नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों के संगठन नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के इस फैसले को शहरवासी काफी सराह रहे हैं। नोएडा के लोगों का कहना है कि प्राधिकरण के कर्मचारियों की इस पहल से नोएडा में संचालित सामुदायिक किचन को आर्थिक सहायता मिलेगी तथा जरूरतमंद लोगों को ज्यादा से ज्यादा भोजन मिल पाएगा।

# केयरिंग एसोसिएशन इंडिया के सदस्यो ने सीईओ व ए सीईओ से भेंट करी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** नोएडा केयरिंग एसोसिएशन इंडिया की नोएडा इकाई ने नोएडा अथॉरिटी के सीईओ लोकेश एम व ए सीईओ श्रीमती वंदना त्रिपाठी से संस्था के आगामी कार्यक्रमों हेतु भेंट करी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी शिवांश श्रीवास्तव ने संस्था के होने जा रहे हैं पर्यावरण संग्रह अभियान के अंतर्गत नोएडा प्राधिकरण से सहयोग मांगा। संस्था अगले महीने से प्लांट एडॉप्शन को लेकर एक बड़ा कार्यक्रम करने जा रही है, जिसके लिए आज इस भेंट वार्ता में प्राधिकारण को अवगत कर व जरुरी सहयोग हेतु पत्र दिया गया। इसके साथ ही संस्था स्कूल व कॉलेजों में भी जागरूकता शिविर भी आयोजित करेगी। भेंट करने के बाद केयरिंग एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नोएडा के संयोजक पंकज त्रिपाठी व कार्यकारिणी सदस्य लोकेश काजी ने दोनों अधिकारियो के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा0लि0 1- मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज ( उ.प्र. ) 211008 से मुद्रित एवं सी-आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसा नैनी प्रयागराज 211010 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित।

सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।